# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024


### इन प्रमुख ट्रेनों का बदला रायपुर पहुंचने का समय

| ट्रेन नाम | वर्तमान | नई समय सारणी |
|---|---|---|
| 12767 साहिब नांदेड़-संतरागाछी | 6.15 | 6.05 |
| 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक | 18.45 | 18.40 |
| 12844 अहमदाबाद-पुरी | 13.40 | 13.35 |
| 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजली | 6.15 | 6.15 |
| 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक | 18.45 | 18.40 |
| 12949 पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस | 15.00 | 14.55 |
| 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार | 07.50 | 07.45 |
| 15160 दुर्ग – छपरा एक्सप्रेस | 21.15 | 21.10 |
| 17006 रक्सौल- हैदराबाद एक्सप्रेस | 06.30 | 06.25 |
| 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस | 12.40 | 12.35 |
| 18239 शिवनाथ एक्सप्रेस | 22.35 | 22.40 |
| 18530 विशाखापट्टनम-दुर्ग एक्सप्रेस | 04.30 | 04.40 |
| 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस | 05.45 | 05.40 |
| 20847दुर्ग- उधमपुर एक्सप्रेस | 11.50 | 11.40 |
| 20862 अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस | 16.00 | 15.50 |
| 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस | 3.05 | 03.00 |
| 22973 गांधीधाम-पूरी एक्सप्रेस | 16.00 | 15.50 |

### शालीमार और आजाद हिंद 5 मिनट पहले पहुंचेगी

12101 लोकमान्य तिलक–शालीमार अब 5 मिनट पहले रायपुर स्टेशन पहुंचेगी। पहले यह ट्रेन दोपहर 2.20 बजे पहुंचती थी, जो अब 2.15 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा यह ट्रेन गोंदिया 11.25 की जगह 11.15 को ही पहुंच जाएगी। इसके अलावा 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर में 2.45 की जगह अब 2.40 बजे पहुंच जाएगी। 12221 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस रायपुर 8.24 के बजाय 8.15 बजे आएगी। बिलासपुर एक्सप्रेस रायपुर में 10.10 की जगह 10 बजे ही पहुंच जाएगी। यह ट्रेन दुर्ग में 10 मिनट पहले पहुंचेगी। 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस गोंदिया शाम 7.37 की जगह 7.30 बजे पहुंचेगी।

**रायपुर से रवाना होने वाली 58 ट्रेनों का बदल गया समय मुंबई और हावड़ा की ट्रेन अब जल्दी पहुंचेगी स्टेशन**

# बदल गया 130 ट्रेनों का समय, नए साल से गति होगी तेज, एक्सप्रेस 5 से 20 मिनट पहले पहुंचेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे ने देशभर में कई ट्रेनों की समय सारिणी में बदलाव किया है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली 130 ट्रेनें भी शामिल हैं। बीते कुछ वर्षों से अक्टूबर में ट्रेनों के समय में बदलाव किया जाता था, लेकिन इस बार नए साल से बदलाव होगा। विभिन्न मंडलों व जोन में लगातार चल रहे पटरियों के काम का लाभ अब यात्रियों को नई समय-सारिणी से मिलेगा। बता दें कि लंबी दूरी की कई ट्रेनों का समय बदला गया है, जो अब 5 से 20 मिनट पहले रायपुर, बिलासपुर स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन अब और भी तेज रफ्तार से दौड़ेगी, जिससे यात्रियों का समय भी बचेगा। बता दें कि 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू सहित 146 गाड़ियों को 1 जनवरी से नियमित नंबर से चलाया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चल रही 14624/14623 फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस को 1 मार्च से सुपरफास्ट बनाया जा रहा है। इससे यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।




### पटरियों को किया अपग्रेड

सालभर जोन में भी पटरियों को अपग्रेड करने का काम चला है, जिसका लाभ अब यात्रियों को मिलने लगेगा। पूरी एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक समेत मुंबई मेल एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम, गीतांजली एक्सप्रेस समेत दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों के जरिए रायपुर से दुर्ग व गोंदिया जाने में 5 से 15 मिनट का समय यात्रियों का समय 1 जनवरी से बचेगा। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को भी अब समय से पहले स्टेशन पहुंचना होगा। बता दें कि तीसरी लाइन का काम पूरा होने के साथ रेलवे ने जोन में एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए पटरियों को अपग्रेड किया है, जिससे ट्रेनें अब और तेज रफ्तार से चलेंगी।

## खबर संक्षेप

### वितुल संभालेंगे सीआरपीएफ महानिदेशक का कार्यभार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वितुल कुमार सीआरपीएफ के महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे। सीआरपीएफ के वर्तमान महानिदेशक अनीश दयाल सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी कुमार वर्तमान में सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है।



### आरबीआई का दावा, 6.6 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का दिसंबर, 2024 का अंक जारी किया है।



चार महीने से संचालित हो रही थी नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री

# नकली पनीर से सावधान, बीरगांव में मिली फैक्ट्री 2500 किलो जब्त, खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के बाजार में भी नकली पनीर का धंधा चल निकला है। सोमवार को बीरगांव में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने छापा मारकर नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस फैक्ट्री से 2500 किलो नकली पनीर जब्त किया गया है। पनीर बनाने के लिए खतरनाक केमिकल के साथ मिल्क पावडर, पॉम आयल तथा वनस्पति घी का प्रयोग किया जा रहा था। यह गोरखधंधा चार माह से चल रहा था।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने काशी एग्रो फूड्स में धावा बोला। फैक्ट्री का संचालन उत्तरप्रदेश, आगरा निवासी शिवम गोयल नाम का व्यक्ति कर रहा था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जब छापे की कार्रवाई करने पहुंची तब भी पनीर बनाने का काम चल रहा था। विभागीय अफसरों की निगरानी में पहले से तैयार पनीर को जब्त कर लिया है। छापे की कार्रवाई खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक चंदन कुमार के निर्देशन में सहायक आयुक्त मोहित बेहरा , नितेश मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राखी ठाकुर और स्टाफ ने की।

▶▶|शेष पेज 4 पर

**ऐसे करें असली, नकली पनीर की पहचान**

- एक तवे पर पनीर को डालकर गर्म करें, अगर पनीर असली होगा तो यह हल्का सुनहरे रंग का होने लगेगा, वहीं अगर पनीर नकली है तो यह पिघलने लगेगा और टूटने लगेगा।
- पनीर की पहचान करने के लिए अरहर दाल की मदद भी ले सकते हैं, इसके लिए एक बाउल में पनीर को डालकर उबाल लें और 10 मिनट बाद ठंडे पानी में डालकर छोड़ दें, 10 मिनट बाद इसमें अरहर की दाल डाल दें, अगर पानी का रंग लाल हो जाता है तो समझ जाएं कि पनीर मिलावटी है, वहीं अगर पानी का रंग नहीं बदलता है तो यह शुद्ध है।

### मिल्क पावडर, पॉम आयल वनस्पति घी से तैयार किया जा रहा था पनीर



### हाईड्रोक्लोरिक अम्ल का किया गया था प्रयोग

टीम ने मौके पर भारी मात्रा में हाईड्रोक्लोरिक अम्ल जब्त की है। पूछने पर फैक्ट्री प्रबंधन ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम को बताया कि हाईड्रोक्लोरिक अम्ल को दूसरे कार्य के उपयोग के लिए रखा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम को आशंका है कि हाईड्रोक्लोरिक अम्ल का उपयोग नकली पनीर बनाने इस्तेमाल किया जाता रहा होगा।

### देखने में ऐसा कि असली फेल हो जाए

मौके पर कार्रवाई करने पहुंची टीम के अनुसार जब्त पनीर दूध जैसे एकदम सफेद तथा स्पंजी था। सामान्य आदमी नकली पनीर को आसानी से नहीं पहचान पाता। अफसर पनीर के स्पंजी तथा सफेद होने की वजह केमिकल के मिलावट होना बता रहे हैं। अफसरों के अनुसार जब्त पनीर को ओडिशा भेजे जाने की तैयारी थी।

### पहली बार केमिकल का प्रयोग

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक के मुताबिक पूर्व में भी नकली पनीर बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पूर्व में अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों के प्रयोग कर पनीर बनाने का मामला सामने आया था, लेकिन यह पहली बार है जब खतरनाक केमिकल का प्रयोग करते हुए पनीर बनाते कोई ट्रैप किया गया है। पनीर बनाने किन खतरनाक केमिकल का प्रयोग किया गया है, इसे लेकर अफसर ने लैब की जांच रिपोर्ट आने के बाद कुछ बता पाने की बात कही।

### स्टाक रजिस्टर मेंटन नहीं

छापामार टीम ने फैक्ट्री संचालक से स्टाक रजिस्टर दिखाने की मांग की लेकिन वहां किसी भी तरह का स्टाक रजिस्टर नहीं मिला। टीम को मौके पर जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नकली पनीर 10 से 15 के भीतर तैयार किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों को आशंका है कि फैक्ट्री संचालक हर माह पांच से सात हजार किलो नकली पनीर बनकर बाजार में खपाने का काम कर रहा था।

# मिलर्स को मिलेगी बकाए की दूसरी किस्त साबरमती टैक्स फ्री

- साल की अंतिम कैबिनेट में खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेज करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में चल रही धान खरीदी की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि धान और चावल के परिवहन के लिए राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसित दर दी जाएगी। खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक कम करने उठाव में तेजी लाने की आवश्यकता है। मिलर्स को प्रोत्सहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि की दूसरी किस्त का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में साल के अंतिम कैबिनेट की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एसजीएसटी के बराबर क्षतिपूर्ति

मुख्यमंत्री द्वारा फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री घोषित किया गया है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के प्रदर्शन पर प्रवेश के लिए देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया।

### दो घंटे में पूरी हुई मिलर्स की मांग

कैबिनेट की बैठक के दो घंटे पूर्व ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के माध्यम से छग राइस मिल समन्वय समिति ने मुलाकात की थी। उनके द्वारा वर्ष 2022-23 के भुगतान के लिए आग्रह किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ सरकार ने कैबिनेट बैठक में वर्ष 2022-23 के भुगतान एवं परिवहन का भाड़ा देने का निर्णय लिया। प्रदेश राइस मिल समन्वय समिति ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के समस्त मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है।






**आरपीएफ ने की कार्रवाई**

# हीराकुंड एक्सप्रेस को डिरेल करने टनल में रखा पत्थर, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन के करीब टनल में हीराकुंड एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश की गई । रेलवे के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, भनवारटंक-खोडरी के बीच अप लाइन में टनल स्थानीय भाषा में बोगदा कहते हैं, इसके अंदर रेलवे ट्रैक पर तीन अलग-अलग जगहों पर नाली के स्लैब रख दिए गए थे। यह किसने रखा, इसकी जांच पेंड्रा रोड आरपीएफ कर रही है। यह घटना 29 तारीख रात 12:30 बजे की बताई जा रही है। इस घटना ▶▶|शेष पेज 4 पर




- तीन अलग अलग जगह रखे गए नाली के स्लैब

### दो घंटे खड़ी रही ट्रेनें

इस घटना की वजह से हीराकुंड एक्सप्रेस मौके पर खड़ी रही। इसके अलावा, उसी ट्रैक से गुजरने वाली रीवा एक्सप्रेस और अमरकंटक एक्सप्रेस करीब एक से दो घंटे तक खड़ी रहीं।

**नए साल पर बदल जाएंगे कई नियम**

# नई कार खरीदना महंगा, बिना गारंटी दो लाख तक कृषि लोन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बुधवार को 2025 शुरू हो जाएगा। एक दिन बाद हम नए साल में प्रवेश कर जाएंगे। नए साल कई नए बदलाव लेकर भी आएंगे। 1 जनवरी 2025 से कई फाइनेंशियल बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका असर आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है। इन बदलावों में एलपीजी की कीमतों से लेकर यूपीआई के नए भुगतान नियम समेत अन्य शामिल हैं। 1 जनवरी की सुबह से ही नई गाड़ी खरीदना महंगा होने वाला है। टाटा मोटर्स, मारुति ▶▶|शेष पेज 4 पर

### फिक्स्ड डिपॉजिट

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट से संबंधित नियम भी 1 जनवरी, 2025 से बदल जाएंगे।

### बीएसई-एनएसई

सेंसेक्स, बेंकेक और सेंसेक्स 50 की मंथली एक्सपायरी हर महीने के आखिरी मंगलवार को हुआ करेगी। बीएसई ने कहा कि सेंसेक्स के साप्ताहिक अनुबंध शुक्रवार के बजाय हर हफ्ते के मंगलवार को समाप्त होंगे। सेंसेक्स, बैंकेक्स और सेंसेक्स 50 के मासिक अनुबंध आखिरी मंगलवार को समाप्त होंगे।




*दक्षिण कोरिया में रविवार को हुए विमान हादसे में 179 लोगों की जान चली गई, लेकिन प्लेन में सवार दो लोग इस भयानक क्रैश के बाद भी जिंदगी की जंग जीत गए। लेकिन जब वे अस्पताल पहुंचे तो उन्हें इस हादसे के बारे में कुछ भी याद नहीं था। रिपोर्ट्स के अनुसार, होश में आने के बाद दोनों इस हादसे को याद नहीं कर पा रहे थे और जब उनकी हालत के बारे में सवाल पूछा गया, तो वे भ्रमित और उलझन में दिखाई दिए।*

## साउथ कोरिया विमान हादसे में जिंदा बचे 2 लोगों की कहानी

# हादसे को याद नहीं कर पा रहे, बोले- 'मैं यहां क्यों हूं'

एजेंसी ▸▸| सियोल

इस हादसे में जिन दो लोगों की जान बची है वो दोनों ही चालक दल के सदस्य हैं। इन्हें आपातकालीन कर्मियों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने जब 32 वर्षीय चालक दल के सदस्य ली से उनके हाल के बारे में पूछा तो उन्होंने डॉक्टरों से सवाल किया 'क्या हुआ?' और 'मैं यहां क्यों हूं?' डॉक्टर्स का कहना है कि ली की प्रतिक्रिया शॉक के कारण हो सकती है। अस्पताल के एक कर्मचारी ने कहा, 'ऐसा लगता है कि वह एक लगभग पैनिक स्थिति में थे, संभवतः विमान और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे।'

### विमान के पिछले हिस्से में थे ली

रिपोर्ट के अनुसार, ली विमान के पिछले हिस्से में यात्रियों की मदद के लिए तैनात थे। उन्हें इस हादसे में गंभीर चोटें आई हैं। उनका बायां कंधा टूट गया है और सिर में गंभीर चोट लगी है। हालांकि वह होश में थे और बाद में अपने परिवार के अनुरोध पर एक अस्पताल में भेजे गए।




### दूसरे सर्वाइवर को भी नहीं कुछ याद

इस हादसे में बचने वाले दूसरे शख्स का नाम क्वोन है जो चालक दल का हिस्सा थीं। क्वोन की भी कई हड्डियां टूट गई हैं और पेट में चोटें आई हैं। वह भी दुर्घटना की घटनाओं को याद नहीं कर पा रही थीं। अस्पताल अधिकारियों ने कहा कि हालांकि उनकी जान को खतरा नहीं है, उनकी स्थिति के कारण घटना के बारे में विवरण इकट्ठा करना संभव नहीं हो सका है। ली और क्वोन दोनों ही विमान के पिछले हिस्से के मलबे में पाए गए थे।

### ऐसे हुआ हादसा

यह दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 9:07 बजे हुआ, जब जेजू एयर की उड़ान 2216 देश के दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर रहा था। विस्थानीय मीडिया के अनुसार, अधिकारियों का मानना है कि विमान पक्षियों के झुंड से टकराया था, जिसके कारण उसके लैंडिंग गियर में खराबी आ गई।मान बैंकॉक से दक्षिण कोरिया लौट रहा था। एयरपोर्ट का चक्कर लगाने के बाद विमान को लैंडिंग गियर को पूरी तरह से फैलाए बिना इमरजेंसी बेली लैंडिंग कराने की कोशिश की गई। इसके बाद विमान टूटकर टुकड़ों में बिखर गया। दुर्घटना स्थल से धुएं का घना गुबार उठने लगा।

## खबर संक्षेप

### मनोज तिवारी-अमित मालवीय पर करूंगा केस



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में पूर्वांचलियों के स्वाभिमान और सम्मान के खिलाफ युद्ध छेड़ा हुआ है, लेकिन आप भाजपा की साजिश को सफल नहीं होने देगी। मतदाता सूची विवाद पर संजय सिंह ने कहा, 'मुझे और मेरे परिवार को बदनाम किया गया। अमित मालवीय पर मानहानि का केस करूंगा। मनोज तिवारी पर भी केस करूंगा।

### 'संदेशखाली कांड पर फर्जी खबरों के लिए बहाया पैसा'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को संदेशखाली में भाजपा और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप फर्जी थे और इन फेक न्यूज को फैलाने के लिए जमकर पैसा बहाया गया। बनर्जी ने एक कार्यक्रम में कहा, 'यहां बुरे लोगों को मत बुलाओ।

### चीन ने चलाई दुनिया की सबसे तेज ट्रेन



**बीजिंग।** चीन ने अपनी हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के अपडेट किए हुए मॉडल का अनावरण किया। ट्रेन के निर्माता का दावा है कि परीक्षण के दौरान इसकी गति 450 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिसके साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज हाई-स्पीड ट्रेन बन गई है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी के अनुसार सीआर450 प्रोटोटाइप के रूप में जाने जाने वाले नए मॉडल से यात्रा का समय और कम होगा और कनेक्टिविटी भी सुधरेगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

## दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल का बड़ा दांव

# पुजारियों, ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए देने का ऐलान

### नए साल में होना है दिल्ली चुनाव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के लिए एक और स्कीम का ऐलान कर दिया है। बुजुर्गों और महिलाओं को साधने के बाद अब पुजारी और ग्रंथियों के लिए एक योजना लॉन्च की गई है। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'आज मैं एक योजना के संबंध में एक अहम घोषणा कर रहा हूं। योजना का नाम पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना है। इसके तहत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को सम्मान राशि देने का प्रावधान है। उन्हें लगभग 18,000 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। यह देश में पहली बार हो रहा है। पुजारी एक ऐसा वर्ग है, जिसने पीढ़ी दर पीढ़ी कर्मकांड को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कभी अपने परिवार पर ध्यान नहीं दिया और हमने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया।'



### 'दिल्ली में नहीं लागू है संजीवनी या महिला सम्मान स्कीम'

केजरीवाल ने कहा कि पुजारी और ग्रंथियों की योजना को रोकने की कोशिश मत करना नहीं तो बहुत पाप लगेगा। पुजारी और ग्रंथी हमारे और भगवान के बीच में ब्रिज का काम करते हैं। हमारी प्रार्थनाओं को भगवान तक पहुंचाने का काम करते हैं। अगर आप पुजारी और ग्रंथियों को तंग करोगे या पुलिस भेजोगे तो जाहिर तौर पर उनके मन से बद्दुआ ही निकलेगी।

### कब से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

आप के मुखिया केजरीवाल ने कहा कि इस योजना के लिए कल यानी 31 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कल इस योजना के रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ करने के लिए कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाऊंगा और वहां के पुजारियों का रजिस्ट्रेशन करके आऊंगा। इसके बाद दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में हमारे एमएलए और उम्मीदवार सभी का रजिस्ट्रेशन शुरू कर देंगे। मेरी भारतीय जनता पार्टी से हाथ जोड़कर अपील है कि जैसे उन्होंने पुलिस को भेजकर फर्जी केस करके महिला सम्मान योजना को रोकने की कोशिश की लेकिन रोक नहीं पाए। उनका रजिस्ट्रेशन हो रहा है और आगे भी होगा।

### महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का भी हो चुका ऐलान

*दिल्ली में चुनाव से पहले केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना की भी घोषणा की है। 'महिला सम्मान योजना' के तहत दिल्ली में 18 साल या उससे ज्यादा उम्र की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये हर महीने मिलेंगे। अगर 2025 में आप सरकार फिर से चुनी जाती है, तो यह राशि बढ़ाकर 2,100 रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। वहीं, 'संजीवनी योजना' के तहत सरकार 60 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों के इलाज का खर्च वहन करेगी।*

### इधर, केजरीवाल के आवास पर इमामों ने दिया धरना



दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों ने वेतन मुद्दे पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान इमामों ने कहा कि पिछले 18 महीने से उन्हें सैलरी नहीं मिली. लेकिन अरविंद केजरीवाल उनकी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रसीदी ने कहा, '17 महीने हो गए हैं (एक दिन बाद 18 महीने हो जाएंगे) और हमारा वेतन नहीं दिया गया है। हम पिछले 6 महीनों से इस समस्या को लेकर मुखर हैं। हम सीएम, एलजी और सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों से मिल चुके हैं। लेकिन हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। इधरक इस मसले पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि उनकी सैलरी जल्द जारी की जाएगी।

### नितेश राणे के बयान पर बवाल

# 'मिनी पाकिस्तान है केरल इसलिए राहुल-प्रियंका जीते'

एजेंसी ▸▸| पुणे

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे के 'मिनी-पाकिस्तान' वाले बयान पर सियासी बवाल मच गया है। राणे की टिप्पणी के बाद पूरा विपक्ष महाराष्ट्र सरकार पर बरस पड़ा। विपक्ष के हमले के बाद अब राणे ने सफाई दी है। महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे ने एक भाषण में केरल की तुलना 'मिनी पाकिस्तान' से करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी इसी कारण सांसद बने हैं। पुणे के पुरंदर तालुका में एक रैली को संबोधित करते हुए राणे ने कहा, केरल छोटा पाकिस्तान है, इसलिए राहुल गांधी और उनकी बहन वहां से चुने जाते हैं। सभी आतंकवादी उन्हें वोट देते हैं। यह सच है, आप पूछ सकते हैं। वे आतंकवादियों को साथ लेकर सांसद बने हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे राणे शिव प्रताप दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे।



### राणे ने दी सफाई

बयान पर बवाल मचने के बाद राणे ने कहा कि केरल भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वह केवल केरल और पाकिस्तान की स्थिति की तुलना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान में 'हिंदुओं' के साथ किया जाने वाला व्यवहार भारत में हो रही घटनाओं जैसा है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। राणे ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि हमारा देश, हिंदू राष्ट्र बना रहे। उन्होंने कहा कि 'हिंदुओं' की हर तरह से रक्षा की जानी चाहिए।

### कांग्रेस ने साधा निशाना

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंधे पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने राणे के मंत्रिमंडल में बने रहने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राणे का काम यही करना था।

### *अतुल सुभाष पर निकिता ने लगाए गंभीर आरोप*

# 'मां के सामने करता था पिटाई, घर से भी निकाला'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में नई-नई जानकारी सामने आ रही है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले में जौनपुर कोर्ट का एक पुराना दस्तावेज सामने आया है। एक खुलासा हुआ, जिसके आधार पर अतुल सुभाष की पत्नी निकिता ने अतुल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अतुल अतुल सुभाष मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। खबरों के मुताबिक अतुल सुभाष और निकिता से जुड़े एक पुराने कोर्ट केस के कुछ दस्तावेज सामने आए हैं। जिसके आधार पर निकिता ने अतुल सुभाष के आरोपों पर जवाब दिया है। निकिता की ओर से कहा गया है कि अतुल ने उसे काफी परेशान किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान निकिता ने कहा कि 2021 में अतुल ने उसकी मां के सामने उसकी पिटाई की थी। निकिता ने कहा कि उसने मुझे घर से निकाल दिया था। काफी पिटाई की थी, लात-घूसे मारे थे।



### मिटाए जा सकते हैं साक्ष्य अतुल के छोटे भाई की चिंता

अतुल सुभाष के छोटे भाई विकास मोदी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि साक्ष्य को मिटाने की कोशिश की जा रही है, जिससे केस प्रभावित हो सकता है। उन्होंने पुलिस पूछताछ में कहा कि अतुल के दस्तावेजों से छेड़छाड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और पुलिस अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है। अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद 9 दिसंबर को विकास मोदी ने बेंगलुरु के मराठाहल्ली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। सुसाइड के बाद पुलिस ने मोबाइल और लैपटॉप अपने कब्जे में ले लिया था। अब बड़ा सवाल है कि जब अतुल का मोबाइल और लैपटॉप पुलिस की कस्टडी में है, तो फिर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कैसे हो रही है? पुलिस इस मामले में साइबर क्राइम के एंगल से भी जांच कर रही है।

# भीड़ का एनसीसी कैम्प पर धावा, सेना अधिकारी से मारपीट

एजेंसी ▸▸| तिरुवनंतपुरम

- फूड पॉइजनिंग से बीमार पड़े 80 कैडेट

केरल के थ्रिकक्कारा में केएमएम कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में एनसीसी ट्रेनिंग कैम्प के दौरान एक सेना अधिकारी पर हमले से व्यापक आक्रोश फैल गया है। यह घटना 23 दिसंबर की देर रात हुई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी पर हमला करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, एनसीपी कैम्प में भाग लेने वाले 80 से अधिक कैडेट्स को भोजन के बाद उल्टी और दस्त की समस्या हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए फूड पॉइजनिंग को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद कथित तौर पर सीपीआई (एम) की छात्र इकाई स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला प्रमुख भाग्य लक्ष्मी, भाजपा के स्थानीय पार्षद प्रमोद और उनके समर्थकों के नेतृत्व में भीड़ ने कैम्प पर धावा बोल दिया।



### हमले के बावजूद बनाया संयम

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें सैन्य अधिकारी को अपने ऊपर हमले के बावजूद संयम बनाए रखते हुए और कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करते हुए देखा जा सकता है। फूड पॉइजनिंग की जांच के लिए केरल के स्वास्थ्य विभाग ने एनसीसी कैम्प से खाने, पानी और बीमार पड़े कैडेट्स के स्टूल सैम्पल एकत्र करके लैब में भेजा है। हालांकि, अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह ने मामले को संभालने के पुलिस के तरीके पर निराशा व्यक्त की और खुलासा किया कि थ्रिकक्कारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।




शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769


### प्रणब के बेटे ने किया बहन से अलग दावा

# 'पिताजी को सब कुछ तो कांग्रेस ने ही दिया'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- बेटी शर्मिष्ठा ने कांग्रेस पर साधा था निशाना

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर छिड़े विवाद के बीच पिछले दिनों प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने कांग्रेस पर सवाल उठाए थे। शर्मिष्ठा का कहना था कि उनके बाबा का जब निधन हुआ था तो कांग्रेस को क्या ये सब चीजें याद नहीं आईं। उनका किस तरह से अंतिम संस्कार हो और कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई जाए। उन्होंने कहा था कि 'जब मेरे बाबा का निधन हुआ तो कांग्रेस ने शोक सभा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाने की भी जहमत नहीं उठाई। एक वरिष्ठ नेता ने मुझसे कहा था कि राष्ट्रपतियों के लिए ऐसा नहीं किया जाता। यह पूरी तरह से बकवास है, क्योंकि बाद में मुझे बाबा की डायरी से पता चला कि केआर नारायणन के निधन पर सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलायी गयी थी और शोक संदेश खुद बाबा ने ही तैयार किया था।'



### कोविड काल का भी दिया हवाला

इधर, वहीं शर्मिष्ठा के भाई यानी प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत ने अलग ही राय प्रकट की है। उन्होंने कांग्रेस पर कोई आरोप नहीं लगाया बल्कि पिता की सफलता का श्रेय पार्टी को ही दिया। अभिजीत मुखर्जी ने अपनी बहन शर्मिष्ठा मुखर्जी के दावों को खारिज करते हुए कहा है कि उनके पिता को सार्वजनिक जीवन में देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद समेत जो कुछ हासिल हुआ, वो कांग्रेस की बदौलत हुआ। पूर्व सांसद मुखर्जी ने यह भी कहा कि उनके पिता का निधन कोविड काल में हुआ था और ऐसे में उस समय की कई पाबंदियों के चलते कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाकर श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकी थी।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
मंगलवार 31 दिसंबर 2024
पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 165
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.6
न्यून. 18.9

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# इसरो ने रचा इतिहास स्पैडेक्स मिशन डन

अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ा और अलग किया जा सकेगा

**भारत चौथा देश**
इस लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद भारत स्पेस डॉकिंग तकनीक वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। चीन, रूस और अमेरिका ने पहले ही यह तकनीक हासिल कर ली है।

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

इसरो की स्पेस डॉकिंग की क्षमता प्रदर्शित करने में मदद करने के मकसद से दो अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक अलग हो गए। उन्हें सोमवार देर रात पृथ्वी के निचले वांछित कक्ष में स्थापित कर दिया गया है। यह प्रोद्यौगिकी भविष्य में अंतरिक्ष अभियान के लिए इसरो की मदद करेगी। अभियान के निदेशक एम जयकुमार ने कहा, स्पैडेक्स अंतरिक्ष यान की जहां तक बात है, पीएसएलवी सी-60 अभियान पूरा हुआ। इस अभियान ▶▶|शेष पेज 4 पर

**अब आगे क्या**
भारत की शान बढ़ाने के लिए कई बड़े मिशन लाइन में हैं। इनमें निसार, शुक्रयान और चंद्रयान-4 जैसे कई मिशन शामिल हैं। इतना ही नहीं इसरो जापान की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिलकर भी एक मिशन लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है।

# अब नहीं खुलेंगे नए बीएड कॉलेज, 5 सालों में पूर्णतः बंद होगा बीएड-डीएलएड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ में दो वर्षीय पाठ्यक्रम वाले नए बीएड महाविद्यालय नहीं खुलेंगे। इसके अतिरिक्त किसी भी महाविद्यालय को द्विवर्षीय बीएड पाठ्यक्रम अथवा डीएलएड के लिए नवीन मान्यता नहीं मिलेगी। ऐसा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों के तहत किया जा रहा है। एनईपी के तहत अब द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के स्थान पर चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए-बीएड और ▶▶|शेष पेज 4 पर

**एनसीटीई देता है मंजूरी**
*नवीन बीएड-डीएलड महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन की मंजूरी अनिवार्य होती है। एनसीटीई द्वारा मान्यता दिए जाने के बाद ही महाविद्यालयों में बीएड अथवा डीएलएड पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। जुलाई में नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के 5 से 6 माह पूर्व अथवा इससे भी पहले मान्यता व नवीनीकरण के लिए संस्थान द्वारा एनसीटीई को खत लिखा जाता है। चूंकि दो साल वाले बीएड कोर्स व डीएलएड को बंद किया जा रहा है, इसलिए इस बार नवीन मान्यता के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।*

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति : बीएड-डीएलएड की जगह लेंगे बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम**

**पुराने महाविद्यालय भी गुजरेंगे कठिन प्रक्रिया से**
*प्रदेश में 140 ऐसे महाविद्यालय हैं, जहां बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। इनमें से कुछ महाविद्यालयों में मात्र शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रम ही संचालित होते हैं तो कुछ में बीए-बीकॉम सहित अन्य परंपरागत पाठ्यक्रमों का भी संचालन होता है। इनमें से कुछ संस्थान बीए-बीएड व बीएससी-बीएड प्रारंभ कर चुके हैं, तो कुछ इसकी तैयारी कर रहे हैं। बीए-बीएड व बीएससी-बीएड संचालन के लिए एनसीटीई ने नियम कड़े किए हैं। ऐसे में पुराने महाविद्यालयों को भी कठिन प्रक्रिया से गुजरना होगा।*



**स्वीकृत नहीं होंगे प्रस्ताव**
नवीन बीएड महाविद्यालयों के लिए प्रस्ताव अब स्वीकृत नहीं होंगे। इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कारण नवीन आवेदन प्रेषित नहीं किए जा रहे हैं।
**-राजीव गुप्ता,** संयोजक, प्रोफेशनल कॉलेज

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वीके सिंह नौ को लेंगे राज्यपाल पद की शपथ



**आइजोल।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल विजय कुमार सिंह नौ जनवरी को मिजोरम के नये राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री लालदुहोमा, उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजामा, उपाध्यक्ष लालफामकिमा, विभिन्न सांसद, शीर्ष अधिकारी और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

### फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार



**बलिया।** फर्जी निवास प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड तैयार कराने वाले गिरोह का सरगना शशि भूषण उपाध्याय गिरफ्तार हो गया। यह गिरोह यूपी के युवाओं को अवैध तरीके से पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में रेलवे और सेना की प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित कराने का काम करता है।

### बुजुर्ग दंपत्ति और पड़ोसी मृत पाए गए



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में सोमवार सुबह 75 वर्षीय एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उसके पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। पुलिस को संदेह है कि यह हत्या का मामला है। घटना के बारे में जानकारी जुटाने के लिए इलाके के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख की स्मैक बरामद



**अमेठी।** अमेठी जिले के इन्हौना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को करीब 50 लाख रुपए मूल्य की 500 ग्राम स्मैक बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत इन्हौना-सुबेहा मार्ग पर निरीक्षण के दौरान पुलिस ने दो लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली जिस दौरान उनके पास से 500 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों को महाकुंभ का न्योता



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ मेले के लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करेगी। हर 12 साल में आयोजित होने वाला यह विशाल धार्मिक आयोजन प्रयागराज में 45 दिनों तक जारी रहेगा।

## दो आंदोलन, सियासी पारा हाई, कई हलाकान

*देश के दो राज्यों में आंदोलन को लेकर जनजीवन प्रभावित हुआ है। पंजाब में किसानों के आंदोलन के बीच राज्य के कई स्थानों पर रेल और सड़क यातायात बाधित रहा तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। बिहार में रविवार को सड़क पर उतरे छात्रों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं और पानी की बौछारें करनी पड़ी। इन आंदोलनों से जनजीवन काफी प्रभावित हुआ, वहीं सियासत गरमा गई है।*

# किसानों ने हाईवे किया जाम पटरी पर प्रदर्शन, 108 ट्रेनें रद्द

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़



पंजाब में किसानों द्वारा आहूत 'बंद' के कारण सोमवार को प्रदेश भर में जनजीवन प्रभावित हुआ। किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर यहां केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया बंद शांतिपूर्ण रहा। बंद के दौरान पंजाब में रेल परिचालन अधिकांशतः स्थगित रहा। इससे 108 ट्रेनें रद्द रहीं। बसें और अन्य वाहन सड़कों से नदारद रहे, जिससे यात्री फंस गए। दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। एक सप्ताह से अधिक समय पहले बंद का आह्वान करने वाले किसान नेताओं ने इसे "सफल" करार दिया और "पूर्ण समर्थन देने के लिए तीन करोड़ ▶▶|शेष पेज 4 पर

**आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ाई**
किसान नेता राम सिंह ढेओन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, यह हमारी फसलों और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ाई है। अमृतसर, श्रीगंगानगर और मुक्तसर की ओर जाने वाली सड़कें भारतीय किसान यूनियन, सिद्धूपुर कार्यकर्ताओं द्वारा अवरुद्ध कर दी गईं। कपूरथला और जालंधर में भी सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। प्रदर्शनकारियों के लिए चाय और दाल-प्रसादा की व्यवस्था की गई। अंबाला सहित राज्य के कुछ पड़ोसी इलाकों में भी बंद का असर रहा।

**पटरियों पर किसान**
किसान कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए, जिसके कारण रेलवे को राज्य से गुजरने वाली कई रेलगाड़ियों को रद्द करना पड़ा। फिरोजपुर, जालंधर, लुधियाना और बठिंडा में यात्री स्टेशन पर फंसे रहे। गुजरात निवासी एक कैंसर रोगी, फिरोजपुर के रेलवे स्टेशन पर फंसे रहे।

**दैनिक यात्री फंसे**
अंबाला से चंडीगढ़, मोहाली, पटियाला और पंजाब के अन्य निकटवर्ती शहरों में जाने वाले सैकड़ों दैनिक यात्री फंस गए। कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले कई बाहरी छात्रों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू तथा खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

# 13 दिनों से डटे छात्र, प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज से सियासी उबाल

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिनों से पटना में अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बीपीएससी की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में विरोध कर रहे प्रदर्शनकाारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने रविवार को पानी की बौछार की और हल्का बल भी प्रयोग किया। इसके साथ ही जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600-700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकाारियों पर बल प्रयोग की सोमवार को निंदा की और आरोप लगाया कि ▶▶|शेष पेज 4 पर



**हजारों करोड़ के लेन-देन का आरोप**
जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया कि उन्हें पता चला है कि बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के जरिए भरे जाने वाले पदों के लिए हजारों करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। किशोर ने मुख्यमंत्री द्वारा आंदोलन पर एक भी शब्द नहीं बोलने पर भी निराशा व्यक्त की।

**इधर, जेएनयू छात्रों ने दिल्ली में किया प्रदर्शन**
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे और बिहार लोक सेवा अयोग परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर जनता दल (यू) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जेएनयूएसयू ने एक बयान में कहा कि जिस समय कुमार कार्यालय के दौरे पर आए थे उस समय यह विरोध प्रदर्शन किया गया। कुमार जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। जेएनयूएसयू के अध्यक्ष धनंजय ने कहा कि अपनी आवाज उठा रहे अभ्यर्थियों को इस तरह दबाना अस्वीकार्य है।

**मैं छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफः चिराग**
चिराग पासवान ने कहा कि कल पटना में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल का मैं कभी समर्थक नहीं रहा, पुलिस को संयम बरतना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे हैं तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से समझाकर, उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रयास करना चाहिए, न कि लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल।

**भाजपा ने कांग्रेस पर किया हमला**

# देश शोक में और राहुल चले गए वियतनाम

■ राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए मनमोहन सिंह के निधन का फायदा उठाया : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपने 'राजनीतिक लाभ' के लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का 'फायदा' उठाया और जब पूरा देश उनके निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए। कांग्रेस ने पलटवार करते हुए पूछा कि संघी ध्यान भटकाने की राजनीति कब बंद करेंगे। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब पूरा देश प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, तब राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम चले गए। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कांग्रेस ने कहा, ध्यान भटकाने की राजनीति**
कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'संघी ध्यान भटकाने की ये राजनीति कब बंद करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना तट पर जगह देने से इंकार कर दिया और उनके मंत्रियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को जगह नहीं दी, वह शर्मनाक था। वियतनाम यात्रा पर कांग्रेस नेता ने मालवीय से पूछा, अगर गांधी निजी तौर पर यात्रा करते हैं, तो आपको इससे क्या परेशानी है?

**बड़ेबोदल में दो समुदाय में जमकर बवाल, दो जवान भी घायल**

# शव दफनाने को लेकर बवाल, सरपंच और ग्राम प्रमुखों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ घायल सरपंच समेत चार मेकाज में भर्ती, पांच की हुई गिरफ्तारी

परपा थाना व नानगुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बड़े बोदल में ईसाई समुदाय की महिला की मौत और शव दफनाने को लेकर दो समुदाय में बवाल हो गया। रात को शव दफनाने की खबर के बाद जब सरपंच व ग्राम प्रमुख संबंधित परिवार से पूछने गए तो उग्र होकर उन पर हमला कर दिया गया। हमले में सरपंच समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शाम तक हमले में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद गांव को छावनी में तब्दील कर दिया है। जानकारी के ▶▶|शेष पेज 4 पर

**मेकाज पहुंचे आदिवासी समाज के पदाधिकारी**
घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी घायल सरपंच व ग्राम प्रमुखों से मिलने डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे और उनका हाल चाल ▶▶|शेष पेज 4 पर

**पांच गिरफ्तार, भेजा गया जेल**
परपा टीआई भोलासिंग राजपूत ने बताया कि मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नामजद आरोपियों में सुकमन नाग, बुदरू मंडावी, बबलू कश्यप, कोसो कश्यप व गनपत शामिल है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 132, 121 (1), 191 (2), 193 (3), 190 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। वहीं मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पहाड़ों पर बर्फबारी...

हिमाचल प्रदेश में **340** सड़कें बंद

कश्मीर में कई पर्यटक फंसे

उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश



**नई दिल्ली।** भारी बर्फबारी से कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सामान्य जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। हिमपात का आनंद लेने पहुंच रहे पर्यटकों के लिए भी बर्फबारी मुसीबत बन रही है। हिमपात के कारण कश्मीर घाटी का बाकी देश से हवाई और जमीनी संपर्क कट गया है। जबकि हिमाचल प्रदेश में भी चार राष्ट्रीय राजमार्ग और 340 सड़कों को बंद कर दिया गया है।

**भारत की यात्रा करने वाले तीसरे अमेरिकी नेता**

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कार्टर नहीं रहे, हरियाणा से रहा नाता

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एवं अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का रविवार को निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। कार्टर भारत की यात्रा करने वाले तीसरे अमेरिकी नेता थे और उनकी यात्रा के दौरान उनके सम्मान में हरियाणा के एक गांव का नाम उनके नाम पर कार्टरपुरी रखा गया था। सबसे लंबे समय तक जीवित रहे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कार्टर ▶▶|शेष पेज 4 पर

**पीएम मोदी ने बताया दूरदर्शी राजनेता**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनको महान दूरदर्शी राजनेता बताया। पीएम ने कहा कि उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुख हुआ। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे।

**मुख्यमंत्री साय और वित्तमंत्री के नेतृत्व में होगा निर्माण**

# नवा रायपुर में बनेगा राज्य का पहला एआई डाटा सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्तर पर एआई सर्विसेज की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में नवा रायपुर अटलनगर में राज्य का पहला एआई डाटा सेंटर बनाया जाएगा।

■ सेक्टर-22 में 14 एकड़ जमीन चिन्हांकित

नवा रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी की गई है। निर्माण के लिए सेक्टर-22 में 14 एकड़ भूमि का चिन्हांकन भी किया गया है।




**युवाओं को मिलेगा रोजगार**
इस एआई डाटा सेंटर से वैश्विक पटल पर नवा रायपुर अटल नगर को अलग पहचान मिलेगी, क्योंकि विश्व की कई बड़ी कंपनियां एआई डाटा प्रोसेसिंग संबंधी काम यहां से संचालित करेंगी। शहर में एक नया इको सिस्टम तैयार होगा, जिससे एआई स्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेंगे, साथ ही फॉरेन करेंसी से व्यापार होने पर राज्य की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

**नवा रायपुर को मिलेगा एसईजेड का दर्जा**
*राज्य शासन का उद्देश्य है कि एआई डाटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों के सहयोग से शहर को विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाया जाए। चूंकि नवा रायपुर अटल नगर राज्य का लॉजिस्टिकल हब भी है, इसलिए एसईजेड के अंतर्गत आने पर शहर से आयात और निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे शहर में निवेश करने वाली सभी कंपनियों को बिजनेस करने में आसानी होगी। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले एसईजेड से होने वाले निर्यात पर कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, आयकर, मिनिमम अल्टरनेट टैक्स, डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स नहीं लगता।*

**एआई डाटा सेंटर**
जब भी आप चैट जीपीटी का उपयोग करते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं या गूगल सर्च करते हैं तो आप डेटा सेंटर पर निर्भर होते हैं। यह डाटा सेंटर जनरल प्रोसेसिंग यूनिट से संचालित किए जाते है। आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भी निर्भरता बढ़ रही है और वैश्विक स्तर पर आईए डेटा सेंटर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नवा रायपुर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके प्रथम चरण में नवा रायपुर के सेक्टर-22 में 5 मेगावाट के जीपीयू लगाए जाएंगे, जिसे भविष्य में 5-5 मेगावाट की क्षमता से बढ़ाया जाएगा, यह कार्य लगभग 2 वर्ष में पूरा होगा।

चिंतन

# अपना बोया आतंकवाद ही काट रहा पाकिस्तान

जो बोएगा, वही काटेगा। पाकिस्तान पर यह बात अक्षरशः लागू हो रही है। पाकिस्तान आतंकवाद को पाला-पोसा, अच्छे व बुरे आतंकवाद की श्रेणी बनाई और नीतिगत स्तर पर आतंकवाद और इस्लामिक कट्टरता को बढ़ावा दिया। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर अमेरिका से मोटी मदद ली, लेकिन उससे आतंकवाद को ही पोषित किया। आज नतीजा सामने है, पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष के अपने सबसे कठिन दौर का सामना कर रहा है। अफगानिस्तान में आतंकी ठिकाने पर एयर स्ट्राइक पाकिस्तान को भारी पड़ रही है। करीब 15000 अफगान लड़ाके पाक सीमा में घुसे और पाक सैन्य चौकियों को निशाना बनननाया। खबर है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले के सालारजई इलाके में एक पाकिस्तानी सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान सीमा पर पाकिस्तान व अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकी गुट टीटीपी को अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से मजबूती मिली है। आतंकवाद को प्रश्रय देने में पाकिस्तान इतना अंध था कि जब अफगानिस्तान में अमेरिकी फौज ने तालिबान को सत्ता सौंप स्वदेश लौटना उचित समझा, उस वक्त सबसे पहले पाकिस्तान फौज के प्रमुख और आईएसआई के प्रमुख ने सबसे पहले अफगानिस्तान की यात्रा की, और इस घटना को पाकिस्तान ने जश्न के तौर पर मनाया कि अब अफगानिस्तान में भारतीय कूटनीति कमजोर हो जाएगी। लेकिन पांच साल भी नहीं बीता कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के दुश्मन देश में शामिल हो गया। आज पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने में काफी मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान को अपने खैबर पख्तूनवा और बलूचिस्तान प्रांत में वहां के मजबूत विद्रोही व आतंकवादी गुटों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कश्मीर में आतंकवादी घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली पाक फौज ईरान व अफगानिस्तान सीमा पर स्थित आतंकी गुटों के सामने कमजोर साबित हो रही है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में जब एयर स्ट्राइक कर टीटीपी के 18 आतंकियों को मारने का दावा किया तो अफगानिस्तान में टीटीपी ने बदले की कार्रवाई का ऐलान किया था। इसके बाद आज 30 दिसंबर को टीटीपी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तानी मिलिट्री बेस पर कब्जा कर लिया। अभी इस क्षेत्र में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने वाली आतंकवादी गतिविधियों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया ने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया है कि इस मिलिट्री बेस को कुछ समय पहले खाली कर दिया गया था और यहां सेना के जवानों की तैनाती नहीं थी, उन्हें एक नए और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर में ट्रांसफर कर दिया गया था। पाकिस्तान के मुताबिक उत्तरी व दक्षिणी वजीरिस्तान में भी कुछ पुराने मिलिट्री बेस को खाली करके, सैनिकों को नए बेस में ट्रांसफर किया गया है। स्थिति जो भी हो, लेकिन पाकिस्तान व अफगानिस्तान में युद्ध स्तर का तनाव है, पाकिस्तान बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टर संगठनों को बढ़ावा देकर भारत के खिलाफ मोमेंटम बनाने के लिए प्रयासरत है। जब किसी मुल्क का वजूद ही दूसरों को परेशान करने का बन जाय तो वह खुद भी कभी शांत नहीं रह सकता। आर्थिक तंगहाली में फंसे पाकिस्तान के लिए एक मात्र रास्ता है कि आतंकवाद को खत्म कर नए सिरे से राष्ट्रनिर्माण करे, वरना आतंकवाद व इस्लामिक कट्टरता भस्मासुर बनते रहेंगे।

उम्मीद
डॉ. आर.के. सिन्हा



# नव वर्ष में विकास में छलांग की असीम संभावनाएं

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा लाने वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के ख़ान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने बोलने वाले विद्यमान हैं, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में इसके और परिपक्व होने की उम्मीद है। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 में भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। नए साल में यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। मेक इन इंडिया भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। 2025 तक ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैश्विक तनाव के नाम रहा यह वर्ष



लेखा-जोखा
डॉ.एस.डी. वैष्णव

**विश्व परिदृश्य में यह वर्ष भू-राजनीतिक तनावों और युद्धों के नाम रहा। घोषित और अघोषित युद्धों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सबसे बड़ा नुकसान महिलाओं और बच्चों का होता है। युद्धों से किनारा चाहने वाले लोगों के लिए इस तरह के युद्ध एक तरह से उपद्रव होते हैं, इसलिए विश्व शांति हेतु लोगों में समरसता का भाव जगाना और विश्व को मानव निर्मित आपदाओं से बचना हम सब की जिम्मेदारी है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद से ही विचारों के लिहाज से दुनिया दो ध्रुवों में बंटी नजर आ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले नए वर्ष का सूर्य विश्व परिदृश्य में शांति की रोशनी और नया उजास लेकर आएगा।**

वर्ष 2024 का सूर्य धीरे-धीरे अस्ताचल की ओर जा रहा है। विश्व परिदृश्य में यह वर्ष भू-राजनीतिक तनावों और युद्धों के नाम रहा। घोषित और अघोषित युद्धों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सबसे बड़ा नुकसान महिलाओं और बच्चों का होता है। युद्धों से किनारा चाहने वाले लोगों के लिए इस तरह के युद्ध एक तरह से उपद्रव होते हैं, इसलिए विश्व शांति हेतु लोगों में समरसता का भाव जगाना और विश्व को मानव निर्मित आपदाओं से बचना हम सब की जिम्मेदारी है।

राजनीति के गलियारों में यह वर्ष भारत में लोकतंत्र के महापर्व में आहुति देने के नाम रहा। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और उन्होंने कूटनीति और संवाद के जरिए विश्व समुदाय के बीच आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तरों पर समन्वय स्थापित करते हुए, विश्व परिदृश्य में फैली अराजकता को समाप्त करने का प्रयास किया। इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' और इस साल के अंत में कुवैत यात्रा पर उन्हें कुवैत का प्रतिष्ठित नाइटहुड सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से भी नवाजा गया। उधर अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत के बाद से ही विचारों के लिहाज से दुनिया दो ध्रुवों में बंटी नजर आ रही है। ट्रंप का अभी शपथ ग्रहण समारोह होना बाकी है। उनके सत्ता संभालने के बाद भू-राजनीतिक हलकों में ऊंट किस करवट बैठेगा; यह नया साल ही बताएगा। इस वर्ष राजनीति का विद्रूप चेहरा रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की भारत विरोधी नीतियों के चलते दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में तनाव भी देखने को मिला। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का इस्तीफा और फिर उनका भारत में शरण लेना दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक नए मोड़ के रूप में नजर आ रहा है।

रूस-यूक्रेन के बीच 1041 दिन से चल रहे महायुद्ध में लाखों लोग मारे गए और हजारों विस्थापित हुए। अमेरिका और पश्चिमी देशों के सहयोग से छोटा-सा देश यूक्रेन जंग के मैदान में रूस को बराबर टक्कर दे रहा है। यूक्रेन ने रूस की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर कजान पर ड्रोन से 9/11 जैसा हमला करके अपने इरादे साफ़ कर दिए हैं। इस युद्ध को रोकने के लिए रूस और यूक्रेन को शांति वार्ता और युद्ध विराम हेतु एक मंच पर लाने के लिए भारत अपनी ओर से लगातार प्रयासरत है।

उधर मध्य-पूर्व एक साल से भी ज्यादा समय से आग में धधक रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले में इजराइल के 1250 नागरिक मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था। अपने बंधक नागरिकों को छुड़ाने के लिए इजराइल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया तो गाज़ा पट्टी को खंडहरों में तब्दील कर दिया। आईडीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक गाज़ा पट्टी में 17000 हमास लड़ाके और 45000 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए। गाज़ा पट्टी में तो भुखमरी और विस्थापन की समस्या उत्पन्न हो गई है। अस्सी प्रतिशत आम फिलिस्तीनी नागरिकों ने विस्थापन कर



लिया है। गाज़ा की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। इधर लेबनान से हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर रॉकेट बरसाकर आग में घी का काम किया। लिहाजा, इजराइल ने वहां पर भी ग्राउंड और हवाई ऑपरेशन शुरू कर दिया था। इजराइल के साथ युद्ध में दक्षिणी लेबनान का बुनियादी ढांचा बिखर चुका है। हालांकि अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता के चलते अब इजराइल और हिज्बुल्लाह में 60 दिन के युद्ध विराम की घोषणा भी हो चुकी है। इजराइल हिज्बुल्लाह को लेबनान के दक्षिण में लितानी नदी से आगे नहीं बढ़ने देना चाहता है। इज़राइल वहाँ पर लेबनानी सेना की उपस्थिति चाहता है।

इस बीच युद्ध के चलते लेबनान में अब तक 4000 आम नागरिक और 400 हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए और लगभग 12 लाख लोग विस्थापित हो चुके थे जो अब धीरे-धीरे लेबनान में अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। इधर हमास और हिज्बुल्लाह के साथ जंग के मैदान में इजराइल के 1000 के करीब सैनिक मारे गए। इजराइल ने गाज़ा और लेबनान सीमा क्षेत्र से अपने 60000 नागरिकों को विस्थापित कर लिया। इजराइल-हिज्बुल्लाह में युद्ध विराम होते ही अगले ही दिन सीरिया में गृह युद्ध का प्रेत फिर जागा और 12 साल तक गृह युद्ध की आग में झुलसते रहे सीरिया में एक बार फिर सिविल वॉर के जख्म हरे होने के साथ ही वहां के सशस्त्र विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शामयानी एचटीएस ने वहां की असद सरकार और सेना के खिलाफ मोर्चा खोला और मात्र नौ दिन में ही दमिश्क सहित पूरे सीरिया की सत्ता अपने हाथों में ले ली। सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को सीरिया छोड़कर रूस में शरण लेनी पड़ी। लेबनान के बाद सीरिया में एक नया वॉर फ्रंट खुल गया है। सीरिया में हुआ यह गृह युद्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका रूस के बीच चल रहे तनाव का परिणाम था, जिसमें रणनीतिक रूप से अमेरिका की जीत हुई। असद सरकार को रूस, ईरान, इराक और हिज्बुल्लाह का समर्थन प्राप्त था जबकि सीरिया में विद्रोही गुट एचटीएस को अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल का समर्थन प्राप्त था। इधर भारत के दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और बांग्लादेश में राजनतिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में आए दिन आम नागरिक मारे जा रहे हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं को निशाने पर लिया जा रहा है। हिंदू मंदिरों और घरों में आगजनी एवं लूटपाट की घटनाएं वहां आम बात हो गई हैं। भारत के लिए चिंता का विषय यह कि बांग्लादेश फिर से कहीं आतंकवादियों के लिए लॉन्चिंग पैड न बन जाए। इस वर्ष यूरोप के कई देशों में शरणार्थियों की वजह से भी अराजकता का माहौल बना रहा। साल का अंत होते-होते एशिया में पाकिस्तान- अफगानिस्तान के बीच स्थित डूरंड रेखा पर युद्ध का नया फ्रंट खुल गया है। अफगानिस्तान ने युद्ध के लिए अपने 15000 सशस्त्र लड़ाके, रॉकेट लांचर और टैंक डूरंड रेखा पर तैनात कर दिए हैं। लिहाज़ा, एशिया में अस्थिरता बढ़ने की संभावना है। रईसी और ईरान के विदेश मंत्री की 19 मई को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस घटना को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जोड़कर देखा गया। उधर चीन और ताइवान के बीच सीमा पर तनाव बना रहा। दक्षिणी कोरिया में मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति यून सूकयोल को पद से निलंबित कर दिया गया। यह वर्ष इसलिए भी याद रखा जाएगा कि दर्दनाक यादों के बावजूद वर्षों से अब तक शांति का विकल्प तलाश रहे जापान के हिबाकुशा लोगों के संगठन 'निहोन हिडानक्यो' को इस वर्ष का शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार ऐसे समय दिया गया जब विश्व समुदाय परमाणु खतरे के साथ तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुन रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले नए वर्ष का सूर्य विश्व परिदृश्य में सार्वभौमिक विषयों पर संवाद के साथ शांति और समन्वय की रोशनी और नया उजास लेकर आएगा।

(लेखक सामयिक मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## भक्ति के लिए मन का शुद्ध होना बेहद जरूरी



संकलित
दर्शन

एक सवाल करने वाले मन के साथ, एक संदेह करने वाले मन के साथ भक्ति की कोशिश मत कीजिए। यह जीवन की बर्बादी होगी।आज की दुनिया में, लोग इस तरह के बने हैं अगर भगवान सामने प्रकट होता है, वे उसके सामने समर्पण नहीं करेंगे, वे छानबीन करने की मांग करेंगे। वह वाकई भगवान है या नहीं? इस तरह के मन के साथ आप भक्त नहीं बन सकते।भक्ति आपकी भावनाओं को इतना मधुर बनाने के लिए है कि आपके जीवन का अनुभव सुंदर हो जाए लेकिन अभी, भक्ति के रूप में जो हो रहा है वह बस एक धोखा है। भक्ति के बारे में लोगों की सोच यह है, भगवान मैंने आपके लिए नारियल फोड़ा है, आप मुझे कल क्या देने वाले हैं? यह भक्ति नहीं है, यह एक खराब सौदा है। मान लीजिए आपके साथ मैं एक सौदा करने की कोशिश करता हूं। जहां मैं आपको दस रुपए देता हूं लेकिन आपको मुझे दस करोड़ रुपए देने होंगे। क्या आप इस सौदे को करने को इच्छुक होंगे? हर कोई भगवान के साथ इसी किस्म का सौदा करने की कोशिश कर रहा है। आप इतने चतुर तो हैं ही कि आप मेरे साथ ऐसा सौदा नहीं करेंगे। मैं चाहता हूं कि आप जान लें कि वो भी ऐसा सौदा नहीं करता। एक भक्त का अपना कोई एजेंडा नहीं होता। उसका एकमात्र लक्ष्य होता है कि वह अपनी भक्ति की वस्तु में, अपने इष्टदेव में विलीन हो जाना चाहता है। उसका अपने जीवन में कोई दूसरा उद्देश्य नहीं होता। सिर्फ तभी भक्ति आपके लिए काम करेगी।

## देह व मन दोनों पवित्र, उसकी सुनते हैं महादेव



संकलित
प्रेरणा

मंदिर में जाकर नित्य नियम से दर्शन करने वाले भक्त पर भी महादेव जी उतने प्रसन्न नहीं होते, जितने उस व्यक्ति पर, जो जाति और धर्म का लिहाज छोड़कर एक ही दरिद्र व्यक्ति को शिव समझकर सेवा करता है। अनुभव करना ही धर्म का प्राण है। यदि देह मन शुद्ध न हो तो मंदिर में जाकर महादेव की पूजा करना व्यर्थ है। जिसकी देह और मन दोनों पवित्र हैं, महादेव जी उनकी प्रार्थना सुनते हैं। जो अशुद्ध स्वभाव होने पर भी दूसरों को धर्म सिखाने का दावा करते हैं, उनकी बुरी गति होती है। ब्रह्म पूजा तो मानस पूजा का सिर्फ बाहरी अंग है, मानस पूजा और चित्त शुद्धि ही असल चीज है। यदि यह न हो तो बाहरी पूजा करने से कुछ भी लाभ नहीं। चित्त का शुद्ध होना और दूसरों के भले के लिए उद्योग करना ही सभी प्रकार की उपासनाओं का सार है। शिव की यथार्थ पूजा वे ही लोग करते हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी में शिव का दर्शन करते हैं और जो सिर्फ मूर्ति में ही शिव की पूजा करता है, वह निराप्रवर्तक है। व्याकुलता, ईश्वर प्राप्ति अथवा आत्मज्ञान के लिए उन्माद होना ही सच्ची धर्मपरायणता है। पराई सेवा पवित्र काम है। इस सत्कर्म के बल से चित्त शुद्ध होता है और सब के भीतर जो प्रभु निवास करते हैं, वे प्रकट हो जाते हैं। वे जो सभी के हृदय में विराजमान हैं। यदि शीशे के ऊपर धूल पड़ गई है या मैल जम गया है तो उसमें हम अपना स्पष्ट प्रतिबिंब नहीं देख सकते। हमारे दर्पण पर भी उसी तरह अज्ञान और पाप का मैल जम गया है। सब से बढक़र मैल है, स्वार्थपरायणता पहले अपनी फिक्र करना।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### देश ने खोया एक महान अर्थशास्त्री

हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विश्वविख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह का निधन दुखद है। उन्होंने 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था के नाजुक दौर को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह देश के लिए ही नहीं, बल्कि सारी दुनिया के लिए महान अर्थशास्त्री की मिसाल है। उन्होंने कहा था कि, हज़ारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी। वह बोलते शायद कम थे, लेकिन जब बोलते थे तो उनकी हर बात में दम होता था, सच्चाई होती थी और देश-समाज के लिए भी अच्छे संदेश होते थे। उन्होंने देश को आर्थिक मंदी से उबारने के लिए जो उपाय बताए थे, पहले उपाय में उन्होंने जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की सलाह दी, दूसरे में गांवों में खपत बढ़ाने और कृषि में सुधार लाने, तीसरे में पूंजी निर्माण और चौथे में नौकरी निर्माण की बात कही। *-राजेश चौहान, सुजानपुर*

## करंट अफेयर

### बांग्लादेश को करारा जवाब देने की तैयारी में म्यांमार

शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश ने खुद म्यांमार के संघर्ष से दूर ही रखा था, लेकिन अगस्त में हसीना को एक हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके बाद आई बांग्लादेश की अंतरिम सरकार म्यांमार में विद्रोहियों के साथ संपर्क बढ़ा रही है। हाल ही में म्यांमार के रखाइन प्रांत पर लगभग कब्जा जमाने वाली अराकान आर्मी और बांग्लादेश की सरकार के बीच संपर्क की खबरें हैं। इन सबका जवाब देने म्यांमार की सेना पूरी तैयारी कर रही है। म्यांमार की नौसेना ने अपने सबसे बड़े युद्धपोत किंग थालुन को 24 दिसंबर को समुद्र में उतारा है। इसी कार्यक्रम में दो 63 मीटर एंटी सबमरीन विध्वंसक जहाजों को शामिल किया है। म्यांमार के नए युद्धपोत किंग थालुन का नाम एक ऐतिहासिक राजा के सम्मान में रखा गया है। म्यांमार नेवी ने इसे समुद्री सुरक्षा और नवाचार के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। नए युद्धपोत की लंबाई 135 मीटर, चौड़ाई 14.5 मीटर और ऊंचाई 9 मीटर है। इसका ड्राफ्ट 4.1 मीटर है। यह युद्धपोत 3500 टन का भार झेलने की क्षमता रखने के साथ ही 30 समुद्री मील प्रति घंटे तक की गति प्राप्त कर सकता है। इसका निर्माण मार्च 2017 में नौसेना डॉकयार्ड कमांड मुख्यालय में शुरू हुआ था।



## ऑफ बीट

### सबरीमाला मंदिर में मंडला कमला पूजा का महत्व

सबरीमाला मंदिर में आयोजित की जाने वाली मंडला पूजा बहुत प्रसिद्ध है। पूजा के दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु भगवान अयप्पा के मंदिर में आते हैं। मंडला पूजा के समय मंदिर हमेशा खुला रहता है और भक्त कभी भी भगवान के दर्शन कर सकते हैं। कई पुराणों में मंडला पूजा का जिक्र मिलता है। केरल के सबरीमाला मंदिर में मंडला पूजा की जाती है। सबरीमाला मंदिर भगवान अयप्पा का है। ये पूजा भगवान अयप्पा के भक्तों द्वारा किए जाने वाले 41 दिनों के लंबे तप के अंत का प्रतीक मानी जाती है। मंडला पूजा मंडला कालम के नाम से भी जानी जाती है। मान्यता है कि जो ये पूजा करता है, उसे साकारात्मक ऊर्जा मिलती है। सबरीमाला अयप्पा मंदिर में धनु मास के दौरान यानी जब सूर्य धनु राशि में होता है तब मंडला पूजा 11वें या 12वें दिन मनाई जाती है। इस व्रत की शुरुआत मंडला पूजा से 41 दिन पहले यानी मलयालम कैलेंडर के अनुसार जब सूर्य वृश्चिक राशि में होता है तब वृश्चिक मास के पहले दिन से होती है। भगवान अयप्पा के दर्शन के लिए 41 दिन पहले से तैयारी करनी होती है। यह पूजा नवंबर से शुरू होकर दिसंबर तक चलती है। सबरीमाला अयप्पा मंदिर में मंडला पूजा और मकर विलक्कू दो सबसे प्रसिद्ध कार्यक्रम हैं, जब मंदिर को ज्यादा दिनों तक भक्तों के लिए खुला रखा जाता है।



## ट्रेंड

### विनिर्माण केंद्र बना भारत



भारत एक विनिर्माण केंद्र के रूप में तेज़ी से उभर रहा हैIएक दशक पहले हमारा रक्षा निर्यात, जहाँ लगभग दो हजार करोड़ था, सरकार के प्रयासों से यह 21,000 करोड़ का आँकड़ा पार कर गया हैI 2029 तक 50,000 करोड़ रूपये का लक्ष्य रखा है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### निंदनीय घटनाएं



एक ओर देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ़ बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है। ये दोनों घटनाएं निंदनीय हैं। बीजेपी की मनुवादी सोच के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### मांगों का समाधान करो



अभ्यर्थियों पर पुलिस का लाठीचार्ज। अनशन पर बैठे युवाओं के साथ जानवरों जैसा व्यवहार, सरकार की तानाशाही का उदाहरण है। छात्र आंदोलन से उपजे नीतीश जी आपसे ऐसी उम्मीद नही थी। छात्रों की मांगों का समाधान करो।

-संजय सिंह, आप सांसद

### भक्तिपूर्वक की भेंट स्वीकार



श्रीमद्भगवत गीता में, भगवान श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि जो भी शुद्धबुद्धि, मुझे सच्चे हृदय से पत्र, पुष्प, फल या जल भी अर्पण करता है, तो मैं ऐसे व्यक्ति की भक्ति पूर्वक दी गई भेंट को स्वीकार करता हूं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### नकली पनीर से...

**पानी का टीडीएस, पीएच स्तर मानक से ज्यादा :** पनीर बनाने जिस पानी का उपयोग किया जा रहा था। उस पानी का टोटल डिसोल्वड सॉलिड (टीडीएस) स्तर नौ मिला, साथ ही पानी का पीएच का स्तर 8.5 मिला। अफसरों के अनुसार पानी का टीडीएस स्तर भारतीय मानक के अनुसार पांच मिलिग्राम प्रति लीटर होना चाहिए। पीएच का स्तर 7 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। पानी में टीडीएस और पीएच का स्तर ज्यादा होने से वह पीने लायक नहीं रहता।

### मिलर्स को मिलेगी...

2024-25 के विकेंद्रीकृत उपार्जन योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए 'राज्य स्तरीय समिति' की अनुशंसा दर स्वीकृत किए जाने का अनुमोदन किया गया। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राइस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की द्वितीय किस्त दिए जाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने चतुर्थ राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर शासन की एक्शन टेकन रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया गया।

### हीराकुंड एक्सप्रेस को...

को हीराकुंड एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट ने देखा और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। लोको पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। गौरतलब है कि रेलवे कर्मचारी टनल के अंदर सतत निगरानी करते रहते हैं, उसके बावजूद भी रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखा जाना किसी साजिश का अंदेशा हो सकता है। यह क्षेत्र में चारों से पहाड़ों और घने जंगल से घिरा है, बहरहाल रेलवे ट्रैक पर जानबूझकर पत्थर रखना बेहद खतरनाक था।

**मौके पर एक संदिग्ध गिरफ्तार :** घटना के दौरान मौके पर एक युवक भी खड़ा दिखा। सीआरपीएफ की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम पवन सिंह बताया जा रहा है। ये आरोपी पेंड्रा का रहने वाला है। उससे पूछताछ चल रही है, हालांकि उसने ट्रैक पर पत्थर क्यों रखा? ये किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं था, मामले की जांच चल रही है। ऐसे अपराधों में 5 वर्ष की सजा का प्रावधान है ।

### नई कार खरीदना...

सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा, मर्सिडीज-बेंज, होंडा, ऑडी आदि जैसी कई कार कंपनियों ने अपनी गाड़ी महंगी करने का ऐलान पहले ही कर दिया है। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने नए साल पर किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। **RBI** ने किसानों को बिना गारंटी के मिलने वाले लोन की सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है. पहले यह सीमा 1.60 लाख रुपये थी.

**जीएसटी नियमों में बदलाव :** 1 जनवरी, 2025 से करदाताओं को सख्त जीएसटी अनुपालन नियमों का सामना करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक अनिवार्य मल्टी-फैक्टर प्रमाणीकरण (एमएफए) है। इसे धीरे-धीरे जीएसटी पोर्टल तक पहुंचने वाले सभी टैक्सपेयर्स के लिए लागू किया जाएगा, जिससे सुरक्षा बढ़ेगी। यह पहले केवल 200 मिलियन रुपये से अधिक वार्षिक कुल कारोबार (एएटीओ) वाले व्यवसायों पर लागू होती थी।

**एलपीजी सिलेंडर की कीमतें :** जनवरी 2025 में एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमत फिलहाल 73.58 डॉलर प्रति बैरल है। बता दें कि तेल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की कीमतों की रिव्यू करती हैं। फिलहाल घरेलू सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमत महीनों से अपरिवर्तित बनी हुई है, वर्तमान में दिल्ली में 803 रुपए है।

**ईपीएफओ मेंबर्स के लिए एटीएम :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में रजिस्टर्ड 7 करोड़ से अधिक कर्मचारियों को नए साल पर एक खास तोहफा मिल सकता है, क्योंकि केंद्र सरकार नियमित डेबिट कार्ड की तरह एटीएम से पीएफ निकालने की सुविधा पर काम कर रही है।

**यूपीआई की लेनदेन सीमा :** 1 जनवरी, 2025 से यूपीआई 123 पे के लिए लेनदेन सीमा बढ़ा दी जाएगी। पहले, अधिकतम लेनदेन सीमा 5,000 रुपए थी। इसे अब 1 जनवरी, 2025 से बढ़ाकर 10,000 रुपए कर दी जाएगी।

## सीएम आतिशी की गिरफ्तारी के आरोपों पर परिवहन विभाग ने किया दावा

# 'अरविंद केजरीवाल का दावा गलत और भ्रामक, कोई जांच नहीं हो रही'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) प्रशांत गोयल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत और भ्रामक बताया है। केजरीवाल ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में दावा किया था कि दिल्ली सरकार की मंत्री सीएम आतिशी को जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है और उनके खिलाफ परिवहन विभाग में फर्जी मामला दर्ज किया जा रहा है। एसीएस (परिवहन) प्रशांत गोयल ने इस संबंध में एक स्पष्ट बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं यह रिकॉर्ड में रखना चाहूंगा कि परिवहन विभाग ने ऐसी किसी जांच पर विचार भी नहीं किया है। इसके अलावा, इस संबंध में गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली के सतर्कता विभाग से भी कोई संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने केजरीवाल के आरोपों को पूरी तरह से गलत और भ्रामक बताया। केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि भाजपा, आप को चुनाव प्रचार से भटकाने के लिए सीएम आतिशी को फर्जी मामलों में फंसाकर गिरफ्तार करने की योजना बना रही है। उन्होंने दावा किया था कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना को लेकर कुछ विवाद पैदा किया जा रहा है।

### केजरीवाल के बयान पर भाजपा ने दी प्रतिक्रिया

दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एसीएस परिवहन द्वारा भेजे गए प्रशासनिक नोट में यह स्पष्ट किया गया है कि सीएम आतिशी के खिलाफ कोई जांच नहीं चल रही है, जिससे केजरीवाल के झूठे दावों की पोल खुल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल अपने सहयोगियों को डराने और राजनीतिक रूप से गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बयान के बाद दिल्ली भाजपा ने इस पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि केजरीवाल को अपनी तुच्छ राजनीति से काम करना बंद करना चाहिए।

### दिल्ली में मकान नंबर 0 के नाम पर बने 144 वोट', भाजपा ने केजरीवाल पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने दांव-पेच लगाना शुरू कर दिया है। अब दिल्ली बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है कि दिल्ली में मकान संख्या 0 पर एक 144 वोट बने हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वोट बनाने का काम पूरे साल चलता है। पिछले 5 दिन से अरविंद बाबू की बौखलाहट दिख रही है, जिससे सीधा पता चलता है कि उनकी चोरी पकड़ी गई है। नई दिल्ली विधानसभा में पिछले दस सालों में कुछ किया नहीं. पहले ईवीएम के नाम पर रोना होता था और अब वोटर लिस्ट के नाम पर रो रहे हैं। बीजेपी नेता ने ये भी कहा कि अरविंद केजरीवाल धोखेबाज हैं, जिन्हें धोखा करने में भी शर्म नहीं आती। मकान संख्या 0 के नाम पर 144 वोट बने हैं। दिल्ली भाजपा फर्जी वोट के पूरी तरह से खिलाफ और हम फर्जी वोट नहीं होने देंगे। हमने कहा है कि इनकी जांच कराए और मेरे पास जो बाकी डॉक्यूमेंट हैं, वह मैं केजरीवाल के घर भेज दूंगा। इस पूरे मामले में हमें केजरीवाल के जवाब का इंतजार रहेगा।

## पेज एक के शेष

### अब नहीं खुलेंगे नए बीएड कॉलेज, 5 सालों...

बीएससी-बीएड का संचालन किया जाना है। नई व्यवस्था के अंतर्गत ही द्विवर्षीय बीएड पाठ्यक्रम और डीएलएड के लिए नवीन मान्यता प्रतिबंधित कर दी गई है। जिन महाविद्यालयों में पहले से ही द्विवर्षीय बीएड पाठ्यक्रम अथवा डीएलएड का संचालन हो रहा है, उसे भी क्रमशः 2030 तक बंद कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी कॉलेज जहां द्विवर्षीय बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन होता है, उन्हें पांच सालों का समय दिया गया है। इस अवधि में उन्हें या तो अपने संस्थान को बंद करना होगा अथवा संस्थान में संचालित हो रहे बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रम को बीए-बीएड व बीएससी-बीएड में तब्दील करना होगा।

### इसरो ने रचा इतिहास...

को इसरो द्वारा 2035 तक खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने से पहले का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। इस मिशन में दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में परस्पर जोड़ा और अलग किया जाएगा। पीएसएलवी सी-60 अभियान के कारण भारत एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा, क्योंकि वह इस महत्वपूर्ण लक्ष्य को कुछ दिन में हासिल कर लेगा। पीएसएलवी रॉकेट की लंबाई 44.5 मीटर है और इसके जरिये दो अंतरिक्ष यान- स्पेसक्राफ्ट ए (एसडीएक्स01) और स्पेसक्राफ्ट बी (एसडीएक्स02) को भेजा गया, जिसमें प्रत्येक का वजन 220 किलोग्राम है। इससे स्पेस डॉकिंग, सैटेलाइट सर्विसिंग और अंतरग्रहीय मिशनों में मदद मिलेगी। पच्चीस घंटे की उल्टी गिनती के समापन पर, पीएसएलवी-सी60 अपनी 62वीं उड़ान पर इस स्पेसपोर्ट के प्रथम 'लॉन्च पैड' से गाढ़ा नारंगी रंग का धुआं छोड़ते हुए ऊपर उठा। इसरो वैज्ञानिकों के अनुसार, दो अंतरिक्ष यान स्पेसक्राफ्ट ए (एसडीएक्स01) या 'चेजर' और स्पेसक्राफ्ट बी (एसडीएक्स02) या 'टारगेट' समान गति और दूरी से यात्रा करने के बाद लगभग 470 किमी की ऊंचाई पर एक साथ जुड़ जाएंगे। अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करके, इसरो अपने मिशन क्षितिज का विस्तार करने के अलावा अपने परिचालन लचीलेपन को बढ़ावा देने की तैयारी में है। अंतरिक्ष यान वांछित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। आने वाले दिनों में वैज्ञानिक दोनों के बीच की दूरी को कम करके उन्हें मिलाने के उपाय करेंगे, जिससे अंततः अंतरिक्ष यान को डॉकिंग में लाया जा सकेगा।

**क्या होगा फायदा :** यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष की कुछ महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए जरूरी है। इनमें चंद्रमा पर भारत की यात्रा, चंद्रमा से नमूने प्राप्त करना (चंद्रयान-4 मिशन), भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन शामिल है। इसरो ने कहा, स्पेस डॉकिंग तकनीक तब आवश्यक होती है जब सामान्य मिशन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने की आवश्यकता होती है।

### किसानों ने हाईवे किया जाम पटरी...

पंजाबियों" को धन्यवाद दिया। कड़ाके की सर्दी और कुछ स्थानों पर घने कोहरे के बीच किसानों ने पटियाला, जालंधर, अमृतसर, फिरोजपुर, बठिंडा और पठानकोट सहित कई सड़कों और राजमार्गों पर धरना दिया, जिससे यातायात बाधित हुआ। धारेरी जट्टन टोल प्लाजा पर किसानों के धरने से पटियाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अमृतसर के 'गोल्डन गेट' पर किसानों ने धरना दिया। पुलिस ने वहां फंसे कुछ विदेशी पर्यटकों की मदद के लिए 'ऑटो रिक्शा' की व्यवस्था की और उन्हें स्वर्ण मंदिर तक पहुंचाया कुछ स्थानों पर यात्रियों को सड़क जाम कर रहे प्रदर्शनकारी किसानों से बहस करते देखा गया। केंद्र द्वारा एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की किसानों की मांग नहीं माने जाने पर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने पिछले सप्ताह राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था। यह बंद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए भी रखा गया, जो पिछले 35 दिन से खनौरी सीमा स्थित किसानों के विरोध स्थल पर अनशन कर रहे हैं। बंद के बाद डल्लेवाल ने पंजाब के लोगों को बंद का समर्थन करने और इसे "सफल" बनाने के लिए धन्यवाद दिया। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि केंद्र को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

### 13 दिनों से डटे छात्र, प्रदर्शनकारियों पर...

भाजपा का 'डबल इंजन' युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने यह 'अत्याचार' पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया है। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बिहार की राजग सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज व अमानवीय अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया गया है। युवाओं पर तानाशाही का डंडा चलाकर उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास बेहद शर्मनाक व निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वालों ने पूरे देश में पेपर लीक माफिया का जाल बिछा रखा है, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। खरगे ने दावा किया, पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक हुए हैं। बीपीएससी परीक्षा में 3.28 लाख युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

### देश शोक में और राहुल...

आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपनी सुविधाजनक राजनीति के लिए डॉ. सिंह के निधन का 'फायदा' उठाया। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह के प्रति राहुल के 'असम्मान' को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मालवीय ने आरोप लगाया, गांधी और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। यह कभी न भूलें कि इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब को अपवित्र किया था।

### शव दफनाने को लेकर बवाल...

मुताबिक बड़ेबोदल निवासी धर्मांतरित महिला बुदाय लगभग 55 वर्ष की रविवार दोपहर में मौत हो गई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसे गांव के सामुदायिक श्मशान में बिना ग्राम पंचायत के परमिशन के दफना दिया। खबर लगने के बाद सोमवार दोपहर सरपंच गंगाराम कश्यप, ग्राम प्रमुख चैतू नाग, सुखनाथ नाग के अलावा गोंडूराम मंडावी, संतराम, बोटी समेत आधा दर्जन लोग पीड़ित परिवार के घर जाकर शव दफनाने को लेकर आपति दर्ज कराई। चूंकि गांव में ईसाई समुदाय का कब्रिस्तान नहीं होने के बावजूद आदिवासी समाज के श्मशान में शव दफना दिया गया था। सरपंच का पीड़ित परिवार से यह पूछना इतना नागवार गुजरा की सभी ने उग्र होकर सरपंच व सुखनाथ पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे ग्राम प्रमुख चैतू नाग, सुखनाथ नाग, गोंडूराम मंडावी, संतराम, बोटी पर भी हमला कर दिया गया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने सरपंच व अन्य को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। इस दौरान पूर्व से मौजूद लगभग 5 जवान जब बीचबचाव करने पहुंचे तो उनसे भी हाथापाई किए जाने की गई। इस हमले में गंभीर रूप से घायल सरपंच गंगाराम कश्यप, ग्राम प्रमुख चैतू नाग, सुखनाथ नाग व गोंडूराम मंडावी को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है सभी को अंदरूनी चोट आई है और उनका उपचार जारी है। एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सरपंच को मारने की बातें कहीं जा रही हैं और हाकी, डंडे लैस लोग दौड़ाते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो की हरिभूमि पुष्टि नहीं करता है।

### मेकाज पहुंचे आदिवासी...

जाना। घायलों ने बताया कि किस तरह उन्हें दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया। इस मारपीट में पुलिस के दो जवान भी घायल हुए हैं। मामले को लेकर विश्व हिंदू समाज के द्वारा बैठक लेने के साथ ही बस्तर एसपी शलभ सिन्हा को पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कार्टर...

ने 1977 से 1981 तक इस पद पर सेवाएं दी थीं। मूंगफली की खेती करने वाले कार्टर ने 'वाटरगेट' घोटाले और वियतनाम युद्ध के बाद राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा, अमेरिका और विश्व ने आज एक असाधारण नेता, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी खो दिया। कार्टर के परिवार में उनके बच्चे- जैक, चिप, जेफ एवं एमी, 11 पोते-पोतियां और 14 परपोते-परपोतियां हैं। उनकी पत्नी रोजलिन और उनके एक पोते का निधन हो चुका है।

# बहुजनों के साथ बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : राहुल

एजेंसी ▶▶ देवास

■ पुलिस कस्टडी में दलित युवक की मौत



मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित युवक की थाने में मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। इसे लेकर कांग्रेस नेताओं ने रविवार को प्रदर्शन किया था। इसके बाद कुछ पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। अब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस घटना को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ऐसी घटना सरकार के शह के बिना संभव नहीं है। देवास और ओडिशा की घटना को लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि एक तरफ़ मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। दूसरी तरफ़ ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया है।

**जयपुर। राजस्थान के कोटपूतली जिले के संरूड थाना क्षेत्र में 23 दिसंबर को 150 फुट गहरे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को बाहर निकालने के लिए अभियान सातवें दिन भी जारी है।

### रक्षा मंत्रालय और एमडीएल-नेवल ग्रुप के बीच हुए 2867 करोड़ के दो समझौते

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे के बीच भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में तेजी से शामिल हो रही कलवरी श्रेणी की अत्याधुनिक परंपरागत पनडुब्बियों की युद्धक क्षमता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सोमवार को रक्षा मंत्रालय ने मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) और फ्रांस के नेवल समूह के साथ कुल 2 हजार 867 करोड़ रुपए के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें पहला समझौता रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम (डीआरडीओ-एआईपी) से जुड़े एआईपी-प्लग के निर्माण के साथ उसे पनडुब्बियों में लगाने के लिए एमडीएल के साथ किया गया है।

**नाम परिवर्तन**

मैं लेमन कुमार साहू पिता दीनदयाल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम- फागुन्दाह तह.-गुरूर जिला - बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका नं. 2350 9103 1076 जिसमें मेरा नाम लेमन कुमार साहू पिता का नाम दीनदयाल साहू अंकित है।

यह कि मेरे दसवी कक्षा की अंकसूची में त्रुटीवश मेरा नाम लेमन कुमार (LEMAN KUMAR), पिता का नाम दीनदयाल (DEENDAYAL) माता का नाम योगेश्वरी (YOGESHWARI) अंकित है।

मेरा सही व वास्तविक नाम लेमन कुमार साहू (LEMAN KUMAR SAHU), पिता का नाम दीनदयाल साहू (DEENDAYAL SAHU) माता का नाम योगेश्वरी साहू (YOGESHWARI SAHU) है जो कि सत्य व सही है इसी आधार पर गजट प्रकाशन करवाने और दसवीं के अंकसूची में मेरा नाम, पिता का नाम और माता का नाम में सरनेम अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
लेमन कुमार साहू
(LEMAN KUMAR SAHU)

**न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी ग्रामीण-01 जिला-धमतरी (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202412130100009 अ-59
ग्राम-लोहरसी
प.ह.नं.-29
तहसील व जिला धमतरी

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी द्वारा भा.ज.पा. कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम लोहरसी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला धमतरी स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 750/1 कुल रकबा 15.62 हे.) में से रकबा 0.40 हे. भूमि की मांग की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/01/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/12/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202412092100001**
विषयः- अ-6 अ सन् :-2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
मामले की श्रेणीः- राजस्व
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - अब्दुल खलील ..
अनावेदक पक्षकार - अब्दुल रफीक अब्दुल फरीद आम जनता जिसे कोई आपत्ति हो

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अब्दुल खलील आ. स्व अब्दुल गनी उम्र 70 वर्ष जाति मुस्लिम निवासी भगत सिंह वार्ड डोंगरगढ़ तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि अब्दुल गनी की मृत्यु करीब 20 वर्ष पूर्व हो चुकी है। नजूल शहर डोंगरगढ़ मे ख. नं. 907/2 क्षेत्रफल 1663 वर्गफुट रिहायशी भूमि एवं उसपर स्थित मकान नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्र. 02 मे प्लाट नं. 907/2 एवं 908 में स्थित थे। प्लाट नं 907/2 पूर्व स्वामी स्व. अब्दुल गनी ने अब्दुल फरीद का रजिस्टर्ड सेल डीड के जरीये दिनांक 11/06/1998 को विक्रय कर दिया। जिसका नामांतरण हो गया। प्लाट नं. 907/2 एवं 908 क्षेत्रफल 554.04 वर्गफुट पूर्व स्वामी स्व. अब्दुल गनी ने अब्दुल रफीक को वसीयतनामे के जरीये अंतरीत कर दिया। जिसका नामांतरण हो गया। अब्दुल गनी की मृत्यु के बाद इस प्लाट के अब्दुल रफीक वसीयतनामे के प्रभाव में आने के कारण स्वामी हो गये। इस आधार पर उनका नाम स्वामी की हैसियत से नामांतरीत हो गया था। प्लाट नं 907/2 एवं 908 क्षेत्रफल 554.04 वर्गफुट पूर्व स्वामी अब्दुल रफीक ने अब्दुल खलील आ. स्व. अब्दुल गनी (आवेदक) को रजिस्टर्ड सेल डीड के जरीये विक्रय कर दिया। जिसका नामांतरण हो गया। प्लाट नं. 907/2 एवं 908 में से क्षेत्रफल 44ग12.6त्र554.04 कुल क्षेत्रफल 554.04 वर्गफुट को पूर्व स्वामी अब्दुल गनी ने अब्दुल खलील (आवेदक) को रजिस्टर्ड सेल डीड के जरीये दिनांक 11/06/1998 को विक्रय कर दिया था। जिसका नामांतरण हो गया। चूंकि अब्दुल फरीद से एवं अब्दुल गनी से उनकी भूमि आवेदक ने विधिवत खरीद ली थी। जिसका नामांतरण भी हो गया था. परंतु नामांतरण के समय दोनो खरीदी हुई भूमि पर एक से प्लांट नंबर 907/2 एवं 908 में से लिख दिया गया। जबकि नामांतरण के समय अलग अलग व्यक्तियों से आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्री होने के कारण 907/2 एवं 908 को विभाजित कर इसका उक्त विभाजन का नंबर 907/1 एवं 908/1 तथा दूसरी रजिस्ट्री में ख. नं. 907/2 एवं 908/2 लिखा जाना चाहिये था। जिससे कि प्लाट का पहचान स्पष्ट हो सके। इन नंबर को उक्त विभाजित ना किये जाने के कारण इसमें भ्रम उत्पन्न होता है एवं भूमि की पहचान संदिग्ध हो जाती है। आवेदक इस कारण से इस भूमि के नामांतरण के समय किये गये नामांतरण पंजी के इंद्राज में इस मूल नंबर को बदलकर प्लाट नं 907/1 एवं 908/1 तथा दूसरी रजिस्ट्री में प्लाट नं. 907/2 एवं 908/2 मे हुये भूल सुधार कर लिखे जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 14.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
कमल किशोर साहू
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़



## राशिफल


**मेष** रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।


**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।


**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

### एनसीसी के गणतंत्र दिवस कैंप में शामिल होंगे 28 राज्यों के 2 हजार 361 कैडेट

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस कैंप-2025 की सोमवार को राजधानी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में सर्वधर्म पूजा के साथ हुई। एक महीने तक चलने वाले इस कैंप में देश के 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 2 हजार 361 कैडेट भाग लेंगे। इनमें 917 लड़कियां हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अगले महीने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन को ध्यान में रखते हुए इस मासिक कैंप का आगाज किया है। इसमें भाग ले रही लड़कियों की संख्या सर्वाधिक है। मंत्रालय के मुताबिक, एनसीसी के कैंप में शामिल हो रहे 2 हजार से अधिक कैडेटों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 114 और पूर्वोत्तर भारत से 178 कैडेट भाग ले रहे हैं।


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल में रनिंग ट्रैक से पेड़ कटाई, ट्रिमिंग कार्य के लिए ई-निविदा सूचना
www.ireps.gov.in
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/1965/ लो.नि.वि. / न.पं./ 2024-25 मारो, दिनांक 19/12/2024

**-: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एतद् द्वारा नगर पंचायत मारो क्षेत्रांतर्गत अध्यक्षनिधि/ पार्षद निधि मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु (पी.डब्ल्यू.डी.एस.ओ.आर. भवन/ सड़क 01/01/2015) में प्रभावशील दर पर शासकीय / अर्धशासकीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से 03 लिफाफा पद्धति में पंजीकृत / स्पीड पोस्ट / के माध्यम से सील बंद निविदा दर आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

1.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 06/01/2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक
2. परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक :- 13/01/2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक
3. कार्यालय में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की दिनांक :- 17/01/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 17/01/2025 अपरान्ह 03:00 बजे के बाद

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय (कार्यादेश दिनांक से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 14 स्थित नया सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण कार्य। (अध्यक्ष निधि) | 3.23 | 3200 | 750 | 3 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 03 मे तहसील कार्यालय मे शेड निर्माण कार्य। (अध्यक्ष निधि) | 1.80 | 2000 | 750 | 3 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 14 प्राथमिक शाला मे युरिनल एवं बाथ निर्माण कार्य । | 4.82 | 5000 | 750 | 3 माह |
| | योग | 9.85 | | | |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

## शब्द पहेली - 5733



**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5732 का हल**



## सूडोकु नवताल 5743

✱ ☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5742 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## ऑपरेशन का वीडियो किया जारी

# पाकिस्तानी मिलिट्री बेस पर तहरीक-ए-तालिबान ने किया कब्जा

**पेशावर।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले के सालारजई इलाके में एक पाकिस्तानी सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया है। टीटीपी ने दावा किया है कि उसने 30 दिसंबर, 2024 की सुबह पाकिस्तानी मिलिट्री बेस पर कब्जा कर लिया। बता दें कि इस क्षेत्र में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने वाली आतंकवादी गतिविधियों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।



पाकिस्तानी सैन्य चौकी पर टीटीपी का कब्जा इस कड़ी में ताजा और बड़ा हमला है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड बॉर्डर से टीटीपी आतंकियों द्वारा पाकिस्तानी मिलिट्री बेस पर कब्जे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पाकिस्तानी मीडिया ने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि इस मिलिट्री बेस को कुछ समय पहले खाली कर दिया गया था और यहां सेना के जवानों की तैनाती नहीं थी, उन्हें एक नए और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर में ट्रांसफर कर दिया गया था।

## मान सरकार ने किया विश्वास घात : कांग्रेस

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने किसान आंदोलन को कथित तौर पर गलत तरीके से संभालने के लिए सोमवार को भगवंत मान नीत 'आप' सरकार की कड़ी आलोचना की। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता बाजवा ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर "पंजाब के कृषि समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

## सेनाप्रमुख ने देहरादून जाकर परखी सैन्य तैयारियां

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की यात्रा की और वहां बनी हुई सेना की रणनीतिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उनके साथ सेना की केंद्रीय कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता मौजूद थे। देहरादून पहुंचने से पहले सेनाप्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मध्य प्रदेश के महू सैन्य स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल थे। मालूम हो कि उत्तराखंड चीन की सीमा से लगा हुआ भारत का एक अहम राज्य है।

## मणिपुर : इंफाल में दो आतंकी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित संगठन PREPAK के दो आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो आतंकवादियों को जबरन वसूली में उनकी कथित संलिप्तता के लिए मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों आतंकवादियों की पहचान लीशांगथेम नेपोलियन मेइतेई (35) और थोकचोम अमुजाओ सिंह (33) के रूप में की गई है, जिन्हें रविवार को संगाइप्रोउ ममांग लीकाई से पकड़ा गया।

## शुभेंदु ने बंगाल सरकार पर लगाया आरोप

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल सरकार पर बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ चौकियों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रयासों में जानबूझकर बाधा उत्पन्न कर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का सोमवार को आरोप लगाया। शुभेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार का असहयोग सीमा पार से घुसपैठ और अपराध रोकने के महत्वपूर्ण उपायों में बाधा उत्पन्न कर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। उन्होंने ममता सरकार पर राज्य और राष्ट्र, दोनों की सुरक्षा को ताक पर रखकर वोट-बैंक की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।


### MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

**NIT NO: 176 RAIPUR** **DATED: 27.12.2024**

Online bids are invited for the following works up to **17.01.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 163476 | महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65 सफाई करने हेतु कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य । | 5363820.00 |
| 2 | 163540 | जोन गेंग जोन क्रमांक 06 सफाई करने हेतु कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 15 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 2298780.00 |
| 3 | 163541 | बी एस यू पी जोन क्रमांक 06 सफाई करने हेतु कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 15 सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का कार्य। | 2298780.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **27.12.2024** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE NO. 06 MUNICIPAL**
**CORPORATION RAIPUR (C.G.)**



### कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर
**द्वितीय तल, वाणिज्यिक कर विभाग, जी.एस.टी. भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, कैपिटल काम्प्लैक्स, अटल नगर ( जिला - रायपुर ) 492002,**
**फोन: 0771-2512180 ई मेल:- igreg.cg@nic.in**

क्रमांक - 1981 / तक - 3/43/2024 नवा रायपुर, दिनांक : 26/12/2024

**// शुद्धिपत्र / /**

**विषय : पंजीयन कार्यालयों को मॉडल पंजीयन कार्यालयों के रूप में विकसित किये जाने हेतु**

वाणिज्यिक कर (पंजीयन विभाग के पंजीयन कार्यालयों को मॉडल पंजीयन कार्यालयों के रूप में विकसित किये जाने हेतु सेवा प्रदाता के चयन के लिए निविदा संख्या 03/2024 दिनांक 13.11.2024 से आमंत्रित की गई थी। जिसके संबंध में शुद्धीपत्र जारी किया गया है, जो कि विभागीय वेबसाईट **https://igrs.cgstate.gov.in** में अपलोड किया गया है । निविदाकारों की सुविधा के लिए निविदा जमा करने तथा खोले जाने की तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है :-

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**
**- 10.01.2025 मध्यान्ह: 3:00 बजे तक**
**निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 10.01.2025 मध्यान्ह: 4:00 बजे**

**महानिरीक्षक पंजीयन**
**छत्तीसगढ़, रायपुर**

G-242504960/2



### कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम- सेंदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
**Email-smhsbsp.cg@gmail.com**

क्रमांक/भंडार/2024/2861 बिलासपुर, दिनांक:- 27/12/2024

**निविदा सूचना**

वर्ष 2024-2025 के लिए राज्य मानसिक चिकित्सालय, ग्राम- सेन्दरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से पंजीकृत निर्माता कम्पनी अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से चिकित्सालय में लगने वाले दवाईयां/लेब केमिकल्स तथा कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल सामाग्री आदि क्रय के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य का नाम | राज्य मानसिक चिकित्सालय ग्राम- सेन्दरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में वर्ष 2024-2025 में दवाईयां / लेब केमिकल्स तथा कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल सामाग्री आदि प्रदाय किये जाने हेतु खुली निविदा |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000.00 (एक हजार रू. नगद भुगतान कर सी.जी.टी.सी. 06 की रसीद में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा जो वापसी योग्य नहीं होगा) |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांकः- 17.01.2025 (शुक्रवार) सायं 04:00 बजे तक (निविदा फार्म प्राप्त करने हेतु स्वयं के लेटरहेड पर लिखित आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा) |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांकः- 31.01.2025 (शुक्रवार) दोपहर 12:00 बजे तक (केवल शासकीय पंजीकृत डाक अथवा शासकीय स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगें इसके अतिरिक्त कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय तथा स्थान | दिनांकः- 31.01.2025 (शुक्रवार) दोपहर 01:00 बजे स्थानः- कार्यालय अस्पताल अधीक्षक, राज्य मानसिक चिकित्सालय ग्राम सेन्दरी जिला - बिलासपुर (छ.ग.) |

**नोट-:** क्रय की जाने वाली दवाईयां / लेब केमिकल्स तथा कन्ज्यूमेबल एवं सर्जिकल सामाग्री आदि प्रदाय की सूची एवं निविदा प्रारूप, निविदा फार्म के साथ दी जावेगी इसके आलावा उपरोक्त निविदा की संपूर्ण जानकारी बिलासपुर जिले के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अवलोकन किया जा सकता है।

**अस्पताल अधीक्षक**
**राज्य मानसिक चिकित्सालय,**
**ग्राम- सेंदरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

G-242504928/2



### OFFICE OF THE PRINCIPAL
**GOVT. V.Y.T.P.G. AUTONOMOUS COLLEGE, DURG 491001 (C.G.)**
**Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in**

**NOTICE No /TENDER/2024** **Dt.30.12.2024**

**NOTICE INVITING TENDERS FOR ENTERING INTO ANNUAL RATE CONTRACT FOR THE SUPPLY OF CHEMICALS, GLASSWARES, PLASTICWARES, FILTER PAPERS ETC.**

Govt. V.Y.T.PG College Durg invites sealed tenders from the manufactures or authorizeddealers/suppliers/Stockiest for entering into Annual Rate Contract for the supply of the following four categories items.

| ITEM NAME | EARNEST MONEY DEPOSIT AMOUNT | LAST DATE/TIME OF SUBMISSION OF TENDER FORM | DATE/TIME OF OPENING OF TECHNICAL BIDS | DATE/TIME OF OPENING OF FINANCIAL BIDS |
|---|---|---|---|---|
| 1. CHEMICALS<br>2. GLASS WARES<br>3. PLASTIC WARES<br>4. FILTER PAPERS | 10000/- | 22.01.2025<br>3:00 PM | 22.01.2025<br>4:00 PM | Shall be informed Later |

Interested firm may submit their sealed tender in two bid form as per term and condition of tender documents. The filled-in tender form for each item with **tender fee of Rs. 1000/-and earnest money Rs.10000/-** both by demand draft in favor of **Principal, Govt.V.Y.T.PG Autonomous College Durg** should reach to the office upto above date. The tender documents may be downloaded from our website www.govtsciencecollegedurg.ac.in.

**Principal**
**Govt.V.Y.T.PG Autonomous College Durg**

G-242504929/1



### कार्यालय प्राचार्य, शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, रायपुर (छ.ग.)
**नगर घडी चौक, रायपुर (छ.ग.) 492001, ई मेल ats-raipur@cg.gov.in**

**-: शासकीय सूचना :-**

दिनांक 26/12/2024

संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ के पत्र क्र. 3750 दिनांक 17.11.2021 द्वारा प्रदत्त अनुमति अनुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2025 से जून 2025 के लिये 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में, कार्यालय संचालक कोष एवं लेखा के दिशा निर्देश पत्र क्र./ सं / सं/ 5 / 89 / 50 / भोपाल दिनांक 22.07.89 की कंडिका 6 के अनुसार 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर को दिनांक 31 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। (लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर) इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। विज्ञप्ति के साथ संलग्न (छायाप्रति स्वीकार्य) मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगें। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवदेन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें ।

**प्राचार्य**
**शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर (छ.ग.)**

G-242504961/3



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग सिलतरा
**CSPDCL**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लि.**
**सी.एस.आई.डी.सी. भवन, प्रथम तल सिलतरा जिला - रायपुर (छ.ग.)**

कं./051-5500/ सिल./2024-25/ 1549 सिलतरा दिनांक 30.12.2024

**// आम सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं, आम - जनता एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि मे. जगदीष आयरन प्रा.लि., ग्राम - चरौदा, वि.ख. एवं तहसील - धरसीवां, जिला - रायपुर (छ.ग.) को 15000 के.व्ही. ए.नया 33 के.व्ही. उच्चदाब कनेक्शन प्रदाय करने के लिए 220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा से निर्गमित एवं ऊर्जीकृत 33 के.व्ही. जगदीष आयरन फीडर से 132/33 के.व्ही. सब-स्टेशन सिलतरा फेस- दो के सामने टेपिंग करके हरेकृष्णा चौक, सी.एस.आई. डीसी. कार्यालय, खदान तालाब, विश्व भारती पेट्रोल पम्प, रायपुर - बिलासपुर नेशनल हाइवें सर्विस रोड, औद्योगिक क्षेत्र फेस-दो, सिलतरा के सामने/ किनारे से होते हुए चरौदा मोड़, षिवांषी फर्नीचर, लक्ष्मी राइस मील, तालाब, भाठापारा, ग्राम- चरौदा के सामने से नहर - नाली किनारे होते हुए मे. जगदीश आयरन प्रा.लि. एवं आई.के.एम. इंडस्ट्रीज, ग्राम-चरौदा तक 33 के.व्ही ओवर हेड लाईन का विस्तार/ निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। उक्त 33 के.व्ही. लाईन दिनांक 31.12.2024 के बाद कभी-भी ऊर्जीकृत की जा सकती है।

अतः समस्त ग्रामवासियों, आम जनता एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) विनियम - 2023 एवं 2010 तथा विद्युत अधिनियम 2003 की संगत धाराओं के अंतर्गत विनियम 62, 63 एवं 64 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार सुरक्षित अंतर/ दूरी बनाए रखें एवं लाईन के नीचे या आस-पास कोई निर्माण कार्य अथवा खुदाई की मिट्टी, कृषि उत्पाद या ज्वलनषील समाग्री भण्डारित नहीं किया जावें। कृषि संबंधित कार्य (मिजाई–मिसाई, धान उड़ाई) आदि कार्य ना करें एवं अपने मवेशियों आदि को खम्भे स्टे सेट से न बांधे। उक्त नवीन विस्तारित 33 के.व्ही. लाईन को 31.12.2024 के बाद कभी-भी ऊर्जीकृत करने हेतु सूचना प्रसारित की जा सकती है ।

**कार्यपालन अभियंता ( सं./सं.) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सिलतरा**

S-42598/2



### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
**Email:- sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in,**
**Fax No. 07868-224040**

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन / सप्लाई कार्य हेतु दिनॉक 13.01.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 121 | 163302 | लो.नि.वि. कांकेर अनुविभाग अंतर्गत रेस्ट हाऊस, मण्डल कार्यालय, संभागीय कार्यालय एवं उपसंभागीय कार्यालय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य । | 40.00 लाख |
| 2 | 122 | 163303 | लोक निर्माण विभाग कांकेर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर - आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य । | 40.00 लाख |
| 3 | 123 | 163305 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग कांकेर अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य । | 20.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय बेवसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है। **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 13.01.2025 है।**

**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

**टीपः-** 1. निविदा क्र. 163305 कार्य हेतु संबंधित कार्यक्षेत्र के नगर पंचायत / पालिका का वैध गुमास्ता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं नगर पंचायत/ पालिका की परिधि में दुकान / फर्म का होना अनिवार्य है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**कांकेर मण्डल, कांकेर**

G- 242504954/2



### कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)** दिनांक :- 27.12.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 16.01.2025 है ।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 417<br>Tender no. 163521 | उपसंभाग कुरूद के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के विशेष मरम्मत का कार्य । | रू. 45.00 लाख |
| NIT NO. 418<br>Tender no. 163525 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग क्रं. - 1 महासमुन्द अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुँच मार्ग लंबाई 0.500 किमी. का निर्माण कार्य । | रू. 122.29 लाख |
| NIT NO. 419<br>Tender no. 163526 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, उन्नयन एवं वॉटर फुफिंग कार्य । | रू. 49.99 लाख |
| NIT NO. 420<br>Tender no. 163527 | उपसंभाग धमतरी के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के विशेष मरम्मत कार्य । | रू. 35.00 लाख |
| NIT NO. 421<br>Tender no. 163528 | उपसंभाग नगरी के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के विशेष मरम्मत कार्य । | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 422<br>Tender no. 163529 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रमांक 1 महासमुंद अंतर्गत जिला आबकारी भवन महासमुंद में कार्यालय एवं गोदाम का निर्माण कार्य । (जमा मद कार्य ।) | रू. 62.27 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि रायपुर मण्डल क्रं.-2 (छ.ग.)**
**आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**

G-242504943/1



### कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in**

क्र./बी-6/वि.स कुरूद / 57-2(1)/2024-25 / 6380 रायपुर, दिनांक 27/12/2024

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**
**Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.01.2025 , फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 29.01.2025**

| क्रं | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में ) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला धमतरी वि.खं. कुरूद के ग्राम पंचायत मड़ेली, मंदरौद, कचना, पचपेड़ी, तर्रागांदी, भेण्डरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 155.28 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01. 2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. |
| 2 | जिला धमतरी वि.खं कुरूद के ग्राम पंचायत कानामुका (नवागांव, कचना), दरबा, बगौद, दर्रा, गोबरा, करगा एवं अटंग में कव्हर्डशेड निर्माण कार्य । | 81.53 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** वेबसाईट पर देखे जा सकते है ।

**प्रबंध संचालक**

S-42610/1



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं0 :– 14/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 30.12.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/STPKG/03/2024-25 | चौपारण | रुपिन मुईयां घर से पपरो बगीचा भाया टांडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–4.000 कि0मी0) | 8,73,69,500/- | आठ करोड़ तेहत्तर लाख उनहत्तर हजार पाँच सौ रुपये मात्र | 15 (पन्द्रह) माह | प्रथम |
| | | चौपारण | एन0एच0–2 सिंघरावा मोड से केबला होते हुए बेला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–2.900 कि0मी0) | | | | |
| | | चौपारण | आर0ई0ओ0 रोड गेपाल सिंह के घर से चक मानगढ़ होते हुए नगवां आर0ई0ओ0 रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.000 कि0मी0) | | | | |
| | | चौपारण | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड हथिया मोड़ से जामुनचक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0–3.000 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–08.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–20.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय :–21.01.2025 अपराह्न 5:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.343163 Rural Work Department(24-25):D



### झारखण्ड सरकार
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर**

**ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या:- **07/2024-25/RIV/STPKG/RWD/EE/JSR** दिनांक :- **30.12.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आइडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/JSR/STPKG/05/2024-25 | बिरघा से कानिकोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–4.300 कि0मी0) | 2,49,59,800.00 | दो करोड़ उन्चास लाख उन्सठ हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह | पंचम |
| | | नेगा से केन्दमुरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–1.930 कि0मी0) | 95,27,200.00 | पन्चानवे लाख सताईस हजार दो सौ रू0 मात्र | | |
| | | L121 हल्दीपोखर तिरिंग मेन रोड से नागो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.600 कि0मी0) | 1,28,77,500.00 | एक करोड़ अठाईस लाख सतहत्तर हजार पॉच सौ रू0 मात्र | | |
| | | मुदासासाई से ततलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–0.950 कि0मी0) | 50,22,700.00 | पचास लाख बाईस हजार सात सौ रू0 मात्र | | |
| | | L105 से सुफलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–6.820 कि0मी0) | 3,87,52,400.00 | तीन करोड़ सत्तासी लाख बावन हजार चार सौ रू0 मात्र | | |
| | | हाता–जादुगोड़ा रोड से मोधासाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–1.325 कि0मी0) | 71,34,100.00 | एकहत्तर लाख चौंतीस हजार एक सौ रू0 मात्र | | |
| | | पोराडीहा से पोखरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.500 कि0मी0) | 1,92,08,400.00 | एक करोड़ बानवे लाख आठ हजार चार सौ रू0 मात्र | | |
| | | बालीडीह से बुरूहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.500 कि0मी0) | 98,66,000.00 | अन्ठानवे लाख छियासठ हजार रू0 मात्र | | |
| | | L035-L034 से झरियागुट्टू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई–2.485 कि0मी0) | 1,82,38,500.00 | एक करोड़ बिरासी लाख अड़तीस हजार पॉच सौ रू0 मात्र | | |
| | कुल | | 14,55,86,600.00 | चौदह करोड़ पचपन लाख छियासी हजार छः सौ रू0 मात्र | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **01.01.2025 ।**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **15.01.2025** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **16.01.2025** अपराह्न 5.00 बजे ।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 343215 (REO) 24-25 (D)



### Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
**(A Government of Chhattisgarh Undertaking) , (ISO 9001:2015 Certified)**
**1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1. Telibandha, Raipur(C.G.)-492006**
**CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY**
**Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794**
**Website: www.cside.in, Email address: csidc.cg@nic.in.cside_raipur@yahoo.com**

**NOTICE INVITING TENDER [3rd Call]**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

**NIT No. 18,19,20 & 21/CSIDC/E.E.1/Division-I/2024-25/** **Raipur, dated 27/12/2024**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work:-

| S. NO. | NIT No./date | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed (including rainy season) | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD Amount Rs.) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18<br>27.12.2024<br>(3rd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain & Water Supply work at I/A Sirgitti Distt.- Bilaspur (C.G.) | Class-B & Above | $2^{1/2}$ Month | 681.68 | 3,40,840 /- | 3,540/- |
| 2 | 19<br>27.12.2024<br>(3rd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line and Street Light at I/A Tifra Distt.- Bilaspur (C.G.) | Class-B & Above | $2^{1/2}$ Month | 770.08 | 3,85,040 /- | 3,540/- |
| 3 | 20<br>27.12.2024<br>(3rd Call) | Up-gradation, Renewal of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line and Street Light at I/A Kapan Distt.- Janjgir-Champa (C.G.) | Class-B & Above | $2^{1/2}$ Month | 521.23 | 2,60,615 /- | 3,540/- |
| 4 | 21<br>27.12.2024<br>(3rd Call) | Up-gradation, Strengthening of BT Roads, Construction of RCC Drain. Providing and laying of 100mm dia D.I. pipe line, Street Light, Culvert and Boundary wall at I/A Rajgamarg Road Korba Distt.-Korba (C.G.) | Class-B & Above | $2^{1/2}$ Month | 515.15 | 2,57,575 /- | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) **https://eproc.cgstate.gov.in** from 28/12/2024 Time 17:00 Hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at **Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

**Executive Engineer**
**Division-I**

S-42608/1

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक ने ओजीक्यू फाउंडेशन और इंस्पायर इंस्टीट्यूट से किया करार

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने सोमवार को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ओजीक्यू-फाउंडेशन फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट्स एंड गेम्स (एफपीएसजी) और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। दोनों साझेदारियों का उद्देश्य खेल के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाले भारतीय एथलीटों की वर्तमान पीढ़ी को सपोर्ट करना और युवा भारतीय एथलीटों की अगली पीढ़ी को संरक्षण प्रदान करना है। इन साझेदारियों के साथ, एक्सिस बैंक पहली बार सीएसआर के तहत खेलों से जुड़ी गतिविधियों को सपोर्ट कर रहा है। इस तरह बैंक ने देश में खेलों से संबंधित ईको-सिस्टम के विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया है।

### रिलायंस ने कच्चे तेल के लिए प्रीमियम मांगा



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक से उत्पादित कच्चे तेल के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक पर कम से कम 3.5 डॉलर प्रति बैरल का प्रीमियम मांग रही है। 2025 से फरवरी, 2026 तक हर महीने 17,600 बैरल (2,800 किलोलीटर) कच्चे तेल की बिक्री के लिए घरेलू रिफाइनर से बोलियां मांगी हैं। कच्चे तेल की कीमत नाइजीरिया के 'बोनी लाइट' दर्जे के कच्चे तेल की दैनिक औसत कीमत में 1.5 डॉलर प्रति बैरल गुणवत्ता प्रीमियम को जोड़कर तय की गई है।

### निवेशकों के लिए अगले सप्ताह आ रहे 4 आईपीओ




**मुंबई।** निवेशकों के लिए सोमवार से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान 4 नए शुरुआती सार्वजनिक प्रस्ताव शेयर बाजार में प्रवेश कर चुके हैं। इनमें से एक आईपीओ मेन बोर्ड से और 3 एसएमई सेगमेंट से हैं। इनमें से कुछ आईपीओ को ग्रे मार्केट में जबरदस्त भाव मिल रहा है। दूसरी तरफ आने वाले सप्ताह के दौरान 6 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी।

### रुपया चार पैसे गिरकर 85.52 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 85.52 प्रति डॉलर पर आ गया। आयातकों की डॉलर मांग, विदेशी कोषों की निकासी और घरेलू शेयरों में कमजोरी के रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अनुबंध की समाप्ति से जुड़ी महत्वपूर्ण डॉलर मांग के बीच शुक्रवार और सोमवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

# केंद्र सरकार बजट 2025 में कर सकती है इनकम टैक्स में कटौती : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार आगामी बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने की तैयारी में जुटी है। इसके तहत सरकार 15 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले लोगों के लिए इनकम टैक्स में कटौती कर सकती है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य धीमी विकास दर के बीच अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा देना है।

रिपोर्ट में दो सरकारी स्त्रोतों के हवाले से सरकार की इस योजना का खुलासा किया गया है। सरकारी सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स से कहा, इनकम टैक्स कटौती के आकार पर अभी कोई भी फैसला नहीं लिया गया है। 1 फरवरी को बजट से पहले इस पर फैसला लिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, बजट में दो तरह के फैसले लिए जा सकते हैं। इसमें सरकार इनकम टैक्स की छूट सीमा बढ़ा सकती है और कार या मकान की खरीद पर लगाने वाले टैक्स को कम करके राहत दे सकती है।

### 15 लाख रुपए तक की सालाना आय वालों की मिलेगी राहत

#### 1 फरवरी को पेश होगा आम बजट

बता दें कि वित्त मंत्री सीतारमण साल 2025-26 के लिए आम बजट 1 फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। उस शनिवार होने के बाद भी दोनों प्रमुख शेयर बाजार कारोबार के लिए खुले रहेंगे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सुबह सवा 9 बजे से दोपहर साढ़े 3 बजे तक सामान्य कामकाजी दिनों की तरह ही कारोबार होगा। बता दें कि 1 फरवरी, 2020 और 28 फरवरी, 2015 को शनिवार पर शेयर बाजार खुले थे।




#### प्रधानमंत्री मोदी ने की थी अर्थशास्त्रियों से मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से मुलाकात करते हुए आगामी बजट के लिए उनके विचार और सुझाव आमंत्रित किए। इसमें अर्थशास्त्रियों और क्षेत्रीय विशेषज्ञों ने सरकार से इनकम टैक्स में कटौती, सीमा शुल्क को युक्ति संगत बनाने तथा आगामी बजट में निर्यात को समर्थन देने के उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। ऐसे में उम्मीद है कि बजट में मध्यम वर्ग को राहत मिल सकती है।

#### किसे मिल सकती है राहत

रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार 10-15 लाख रुपये तक की सालाना आय वालों पर टैक्स का बोझ कम कर सकती है। अभी 10-15 लाख तक की सालाना आय वाले लोगों के लिए 3 टैक्स स्लैब हैं। इसमें 10-12 लाख वाले स्लैब में आने वाले लोगों को 15 प्रतिशत और 12-15 लाख के स्लैब वाले लोगों को 20 प्रतिशत टैक्स चुकाना पड़ता है। इसी तरह, 15 लाख से अधिक आय के स्लैब आने वाले लोगों को 30 प्रतिशत टैक्स चुकाना पड़ता है।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में होगी मजबूत, 6.6 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है तथा चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।*

केंद्रीय बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का दिसंबर, 2024 का अंक जारी किया है।

रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली की जुझारू क्षमता और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। इसमें कहा गया, 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मुनाफा बढ़ने, गैर-निष्पादित आस्तियों में कमी, पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार के कारण अच्छी स्थिति में हैं। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल और इक्विटी पर प्रतिफल दशक के उच्चतम स्तर पर हैं, जबकि सकल गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात कई साल के निचले स्तर पर आ गया है।'

#### एससीबी के पास अतिरिक्त पूंजी

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि व्यापक दबाव परीक्षण से पता चलता है कि अधिकांश एससीबी के पास प्रतिकूल स्थिति में पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त पूंजी है। एफएसआर में अर्थव्यवस्था के बारे में कहा गया कि 2024-25 की पहली छमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि घटकर छह प्रतिशत पर आ गई, जो 2023-24 की पहली और दूसरी छमाही में क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत थी। आरबीआई ने कहा, ''इस हालिया सुस्ती के बावजूद संरचनात्मक वृद्धि चालक बरकरार हैं। घरेलू चालक, मुख्य रूप से सार्वजनिक खपत और निवेश तथा मजबूत सेवा निर्यात के कारण 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर में सुधार होने की उम्मीद है।



#### खाद्यान्न कीमतों में नरमी आने की उम्मीद

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया कि बंपर खरीफ फसल और रबी फसल के चलते आगे चलकर खाद्यान्न कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। हालांकि, चरम मौसम की घटनाओं के बढ़ते रुझानों के कारण जोखिम बने हुए हैं। भू-राजनीतिक संघर्ष वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और जिंस कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।

#### अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावना

भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि 2025 में उच्च उपभोक्ता व कारोबारी विश्वास के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाएं बेहतर होने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक के वृद्धि के मुकाबले मुद्रास्फीति को प्राथमिकता देने को लेकर सरकार की आलोचना के बीच मल्होत्रा ने यह बात कही है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में मल्होत्रा ने लिखा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उच्च वृद्धि पथ को समर्थन देने के लिए वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने का प्रयास करने के साथ-साथ हमारा ध्यान वित्तीय संस्थानों की स्थिरता तथा अधिक व्यापक रूप से प्रणालीगत स्थिरता बनाए रखने पर भी है।'

#### बैंकों का सकल एनपीए 12 साल के निचले स्तर पर

बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार जारी है और उनकी सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) या खराब ऋण अनुपात सितंबर, 2024 में घटकर 12 साल के निचले स्तर 2.6 प्रतिशत पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कर्ज चुकाने में चूक की कमी और स्थिर ऋण मांग के चलते ऐसा हुआ। आरबीआई ने ऋण को बट्टे खाते में डालने में तेज वृद्धि पर भी चिंता जताई। खासकर निजी क्षेत्र के बैंकों (पीवीबी) के बीच ऐसा देखा जा रहा है। इससे बिना गारंटी वाले ऋण खंड में बिगड़ती संपत्ति गुणवत्ता को छुपाया जा सकता है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के दिसंबर, 2024 अंक के अनुसार, शुद्ध एनपीए अनुपात लगभग 0.6 प्रतिशत था।

# सेंसेक्स 451 अंक लुढ़का निफ्टी में भी गिरावट दर्ज

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ निफ्टी भी 168 .50 अंक यानी 0 .71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,644 .90 अंक पर बंद हुआ

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स लगभग 451 अंक लुढ़क गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी, वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख तथा एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 450.94 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,248.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 621.94 अंक लुढ़क गया था।

सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला। लेकिन दोपहर कारोबार में नुकसान की भरपाई कर 79,092.70 के उच्चस्तर पर पहुंच गया। लेकिन प्रमुख कंपनियों में बिकवाली से यह तेजी कायम नहीं रह पायी और सेंसेक्स नुकसान में बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 नुकसान में, जबकि सात लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 168.50 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,644.90 अंक पर बंद हुआ।

#### अदाणी की सात कंपनियों के शेयर चढ़े

अदाणी समूह की बीएसई में सूचीबद्ध सात कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी रही। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बावजूद बीएसई पर अदाणी टोटल गैस का शेयर 11.20 प्रतिशत चढ़ा। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 7.65 प्रतिशत, अदाणी पावर में 6.46 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 2.46 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 2.31 प्रतिशत, एनडीटीवी में 0.28 प्रतिशत और सांघी इंडस्ट्रीज में 0.05 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 0.93 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 0.55 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 0.17 प्रतिशत और एसीसी में 0.05 प्रतिशत की गिरावट आई।

## बिजनेस साइट

### एलन छत्तीसगढ़ का 'विक्ट्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम' जेईई, नीट और ओलंपियाड टॉपर्स को मिला सम्मान



**रायपुर।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित विक्ट्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम में 2024 में इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में सफल हुए स्टूडेंट्स और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स को सम्मानित किया गया। यह समारोह रायपुर स्थित सयाजी होटल में हुआ, जिसमें लगभग चार सौ छात्र-छात्राएं और उनके माता-पिता शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में एलन कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत, वाइस प्रेसिडेंट जीवन ज्योति अग्रवाल, जोनल हेड आशुतोष हिसारिया और रायपुर सेंटर के हेड कुणाल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मैडल और कैश रिवार्ड्स से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से जेईई, नीट और इंटरनेशनल ओलंपियाड में अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सरस्वती मेडल और अन्य पुरस्कार मिले। इस अवसर पर जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 86 प्राप्त करने वाले भाग्यांश साहू और नीट में 706 अंक प्राप्त करने वाले निलय सूचक समेत कई अन्य छात्रों को पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि एलन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान करना है, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

### योग हमारी ऋषि परंपरा है : डॉ. स्वामी परमार्थ देव



**चौमू।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और पतंजलि योग समिति राजस्थान द्वारा आयोजित विशाल एक दिवसीय योग कार्यकर्ता सम्मेलन में योग ऋषि स्वामी रामदेव के शिष्य डॉ. स्वामी परमार्थ देव ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारी ऋषि परंपरा का हिस्सा है और हमें इसे जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सभी को योगी बनाना और युवा पीढ़ी को योग से जोड़कर एक नए भारत का निर्माण करना है। राज विलास गार्डन, चौमू में आयोजित इस विशाल योग सम्मेलन में डॉ. स्वामी परमार्थ देव ने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि योग को रोज़ करना चाहिए, क्योंकि यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि आज पूरा विश्व योग को आत्मसात कर रहा है और इसके लाभों को समझने लगा है।

# अब किसी भी यूपीआई ऐप से करें वॉलेट से भुगतान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




*कैसे करेगा काम : अब पीपीआई वॉलेट जारीकर्ताओं को अपने ग्राहकों के वॉलेट को यूपीआई से जोड़ना होगा, ताकि केवल केवायसी पूरा करने वाले ग्राहक ही यूपीआई से भुगतान कर सकें। वॉलेट का ऐप ग्राहक के वॉलेट क्रेडेंशियल्स से यूपीआई लेन-देन को सत्यापित करेगा।*

■ वॉलेट से यूपीआई भुगतान करना हुआ और भी आसान

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक नया नियम लागू किया है, जिसके तहत अब ग्राहक किसी थर्ड पार्टी यूपीआई ऐप्स का उपयोग करके भी प्रीपेड भुगतान उपकरण से भुगतान कर सकते हैं। पहले, पीपीआई से यूपीआई भुगतान केवल पीपीआई के अपने ऐप्स से ही किया जा सकता था। अब इस बदलाव से ग्राहकों को ज्यादा लचीलापन मिलेगा, क्योंकि वे किसी भी यूपीआई ऐप का उपयोग करके पीपीआई से या पीपीआई में भुगतान कर सकेंगे।आरबीआई ने कहा कि अब यूपीआई वॉलेट धारक यूपीआई के जरिए भुगतान करने के लिए सिर्फ वॉलेट जारी करने वाले पर निर्भर नहीं होंगे। वे किसी भी थर्ड-पार्टी ऐप का उपयोग करके भुगतान कर सकेंगे। आरबीआई ने बताया कि पीपीआई वॉलेट जारी करने वाले केवल उन ग्राहकों को यूपीआई भुगतान की सुविधा देंगे जिनका केवायसी पूरा है।

#### पीपीआई क्या है और कैसे काम करता है

पीपीआई वे वॉलेट होते हैं, जिनमें पैसे जमा किए जाते हैं, जिनका उपयोग सामान खरीदने, वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने और पैसे भेजने के लिए किया जा सकता है। पीपीआई बैंक या गैर-बैंक कंपनियां जारी कर सकती हैं, जिन्हें आरबीआई से अनुमति प्राप्त होती है। अब, पीपीआई वॉलेट धारक किसी भी थर्ड-पार्टी यूपीआई ऐप जैसे फोनपे या गूगल पे से अपना वॉलेट जोड़कर भुगतान कर सकेंगे। आरबीआई के नए नियम से पीपीआई वॉलेट बैंक अकाउंट के समान काम करेंगे।

# चाय के उत्पादन में 2024 में गिरावट, निर्यात में वृद्धि

**कोलकाता।** मौसम की अनियमित स्थिति तथा बागानों के समय से पहले बंद होने के कारण इस साल के अंत तक चाय के कुल उत्पादन में 10 करोड़ किलोग्राम से अधिक की गिरावट आने की आशंका है। चाय उद्योग के हितधारकों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हालांकि इस वर्ष बेहतर मूल्य प्राप्ति तथा निर्यात में वृद्धि से हालात बेहतर रहे। उन्होंने कहा कि 2023 के पहले 10 महीनों में करीब 117.8 करोड़ किलोग्राम उत्पादन की तुलना में देश में चालू कैलेंडर वर्ष की जनवरी-अक्टूबर अवधि में करीब 111.2 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ।


साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

[illegible]

सूचना

[illegible]

| Sl. No. | Name of land owner and Acquired Plot No. & Area (as per certified by L&R Deptt. SECL HQ) | Acquired land (in Acres) | Revised ADOL S.No./No. of employments admissible | Name of person proposed for employment DOB, education and relation with landowners | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | [illegible] Khara Number [illegible] | [illegible] Acre | 04 (03 employment) One employment has already been provided earlier | (1) Shitej Yadav S/o Ramkumar Yadav (Minor) Relation with Land Owner- Grand Son Caste- NST (Yadav) Indicative D.O.B.- 05.11.2010 Education- 8th Adhar- 760618048399 (2) Jyoti D/o Ramkumar Relation with Land Owner- Grand Daughter Caste- NST (Yadav) D.O.B.- 09.03.2001 Education- B.Sc. Adhar- 769352248827 | Since candidate is non matriculate hence his age to be determined through ADC |

[illegible]

SECL/2425/289

[illegible]



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

साईकोलि/मप्र/कुस (क्षेत्र)/भू.रा./2024/1737 दिनांक 18.12.2024

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए.एक्ट (ए.एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर. एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Concept के आधार पर 147 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार के एवज में मुआवजा राशि हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है :-

| क्रं. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/ पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़) में | कुल रकबा | भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीद्वार का विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विरेन्द्र कुमार सिंह पिता गिरिनन्दन सिंह | 372 | 257<br>266 | 0.60<br>0.91 | 1.51 | नामांकन पत्र | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 20 | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | बी-1 वर्ष 2009-10 | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | बी-1 वर्ष 2022-23 | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | पी-2 वर्ष 2008-13 | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | पी-2 वर्ष 2022-23 | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | नामांतरण पंजी | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | विरेन्द्र कुमार सिंह पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | विरेन्द्र कुमार पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | जीवन कुमार सिंह पिता गिरिनन्दन सिंह | |
| | | | | | | आधार कार्ड | जीवन कुमार सिंह पिता गिरिनंदन सिंह | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार के एवज में मुआवजा राशि प्रदान करने हेतु या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनो के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/24-25/284

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व),एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र


# सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए नियम सरल कर सकती है सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अगले साल केंद्र सरकार बड़े फैसले ले सकती है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार 2025 के बजट में विदेशी सेमीकंडक्टर फर्मों के लिए कर नियमों को आसान बनाने पर विचार कर रही है। आयकर अधिनियम की धारा-44 के तहत एक अनुमानित कर योजना प्रस्तावित है, जो भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए है। इस कदम से देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़े निवेश की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार आयकर अधिनियम की धारा 44 के तहत विदेशी सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए अनुमानित कराधान योजना लाने पर विचार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस प्रणाली से कंपनियों को केवल टर्नओवर पर कर देना होगा, जिससे उनका खर्च कम हो जाएगा। इस कदम से मूल्यांकन प्रक्रिया सरल होगी और भारत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक आकर्षक रास्ता बन सकता है।


फ्लैट बेचना है
किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

## खबर संक्षेप



### कोहली तीन साल और खेल सकते हैं

**मेलबर्न।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली में अभी तीन से चार साल का क्रिकेट बचा है। कप्तान रोहित शर्मा को खेल के पारंपरिक प्रारूप में फॉर्म और तकनीक के साथ लंबे समय से संघर्ष को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही श्रृंखला के बाद अपने भविष्य का आकलन करने की जरूरत हो सकती है। भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित और कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### कोन्सटास वाकई बहुत जुनूनी खिलाड़ी : स्मिथ

**मेलबर्न।** 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट में आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा मैदान पर अपनी भाव भंगिमा से दर्शकों से जुड़ाव बनाने वाले



ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास को अनुभवी स्टीव स्मिथ ने 'जूनूनी' करार देते हुए कहा कि वह ऊर्जा से भरे हुए खिलाड़ी हैं। कोन्स्टास ने मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में पदार्पण करते हुए 65 गेंदों में 60 रन बना कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दिलायी। उन्होंने इस पारी के दौरान जसप्रीत बुमराह के खिलाफ स्कूप और लैप शॉट खेलकर प्रभावित किया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच को 184 रन से जीता।

### सीनियर खिलाड़ियों ने कोई योगदान नहीं दिया



**मेलबर्न।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने सोमवार को टीम को निराश करने के लिए सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली की आलोचना की और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में हार के लिए भारतीय शीर्ष क्रम को जिम्मेदार ठहराया। चौथे टेस्ट के अंतिम दिन भारत के सामने 340 रन का लक्ष्य था लेकिन यशस्वी जायसवाल (84) को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज योगदान नहीं दे पाया। भारत इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गया।

### यह हार मानसिक रूप से परेशान करने वाली

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से मिली बड़ी हार के बाद 'परेशान' होने की बात कबूल करते हुए



सोमवार को यहां कहा कि टीम की सामूहिक समस्या के साथ ही कुछ 'चीजें' हैं जिस पर उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर गौर करने की जरूरत है। खराब लय में चल रहे रोहित के नाम तीन टेस्ट मैचों की छह पारियों में 31 रन हैं। रनों का उनका यह आंकड़ा इस श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह के द्वारा लिए 30 विकेट से सिर्फ एक अधिक है।

### गिल की वापसी, राहुल और यशस्वी करेंगे ओपन

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 4 मुकाबले खत्म हो चुके हैं। इन 4 मैचों के बाद टीम इंडिया इस टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे हो गई है। अब भारत के पास इस टेस्ट सीरीज को बराबरी करने का आखिरी मौका है और इसके लिए टीम इंडिया को सिडनी जीतना होगा। रोहित शर्मा ने चौथे टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन से शुभमन गिल को बाहर कर दिया और उनकी जगह टीम में वाशिंगटन सुंदर को लाया था।

# बुमराह 'आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवार्ड के लिए नामित

**एजेंसी ▶▶ दुबई**

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सोमवार को इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। बुमराह के साथ सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के लिए इंग्लैंड के एक अन्य बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस को भी इस सूची में जगह मिली है। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए हैं जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया है और चार टेस्ट मैच में 30 विकेट के साथ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है।




### आईसीसी ने की तारिफ

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, '2023 में पीठ की चोट से उबरने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह ने 2024 में गेंदबाजी में अपना दबदबा बनाया। कैलेंडर वर्ष में 13 टेस्ट मैच में बुमराह ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 71 विकेट चटकाए और इस प्रारूप में सबसे सफल गेंदबाज रहे।'

### रूट के नाम 1556 रन

इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज रूट इस साल सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज रहे जिन्होंने 17 टेस्ट मैच में 55.57 की



औसत से 1,556 रन बनाए। 34 वर्षीय रूट ने अपने करियर में पांचवीं बार एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार रन का आंकड़ा पार किया जबकि इस दौरान उन्होंने छह शतक और पांच अर्द्धशतक लगाए। आईसीसी ने पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में रूट के करियर की सर्वश्रेष्ठ 262 रन की पारी को याद किया जो टेस्ट में उनका छठा दोहरा शतक भी था और उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक।

### यशस्वी ने बनाए 1478 रन

रूट के हमवतन ब्रूक भी 12 टेस्ट में 55.00 की औसत से 1,100 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेट में नामित चार खिलाड़ियों की



सूची में जगह बनाने में सफल रहे। ब्रूक ने इस दौरान चार शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए और 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे अधिक रन रूट, भारत के यशस्वी जायसवाल (54.74 की औसत से 1,478 रन) और इंग्लैंड के बेन डकेट (37.06 की औसत से 1,149 रन) ने बनाए हैं। नौ टेस्ट में 74.92 की औसत से 1,049 रन बनाने वाले श्रीलंका के मेंडिस भी इस सूची में शामिल हैं।

### महिला क्रिकेटर पुरस्कार की दौड़ में कोई भारतीय नहीं

**दुबई।** आईसीसी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर पुरस्कार के लिए सोमवार को जारी नामांकित खिलाड़ियों की सूची में कोई भी भारतीय शामिल नहीं है। इस सूची में श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के साथ ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट का नाम शामिल है। आईसीसी ने कहा, 'श्रीलंका की सभी प्रारूपों की कप्तान लंबे समय से अपने देश के लिए बल्ले से कमाल कर रही हैं। अट्टापट्टू वनडे के साथ-साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों की आईसीसी महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल है। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी क्षमता साबित की है।'

**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : भारतीय टीम ने 34 रन पर गंवाए अंतिम सात विकेट**

# भारत ने 184 रन से गंवाया चौथा टेस्ट आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-1 से अजेय बढ़त

**एजेंसी ▶▶ मेलबर्न**

भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर आसानी से घुटने टेक दिए और चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के हाथों 184 रन की शर्मनाक हार मिली। इसके साथ ही लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की मांग जोर पकड़ने लगी है। जीत के लिए 340 रन के दुरुह लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने आखिरी सात विकेट 20.4 ओवर में 34 रन के भीतर गंवा दिए और दूसरी पारी में टीम 155 रन पर आउट हो गई।

आस्ट्रेलिया अब श्रृंखला में 2-1 से आगे है। भारत अगर सिडनी टेस्ट नहीं जीतता है तो लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने का सपना भी टूट जाएगा। रोहित नौ और कोहली पांच रन बनाकर आउट हो गए। रोहित को अति रक्षात्मक शैली अपनाने का खामियाजा भुगतना पड़ा तो आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कोहली ने फिर विकेट गंवाया। आस्ट्रेलियाई कप्तान और 'प्लेयर आफ द मैच' पैट कमिंस ने 18 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि स्कॉट बोलैंड ने 16 ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट चटकाए। नाथन लियोन को दो और मिचेल स्टार्क को कोहली का कीमती विकेट मिला।



### यशस्वी ने जगाई थी उम्मीद

यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत के बीच चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी से मैच ड्रॉ की ओर मुड़ता दिख रहा था लेकिन एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर पंत के आउट होने के बाद भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। जायसवाल (84 रन) को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सका। जायसवाल को विवादित ढंग से तीसरे अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया।



### आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद कोहली की कमजोरी

सीमित ओवरों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद कोहली की कमजोरी बन गई है और इसे आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने बखूबी भुनाया। रोहित ने 40 गेंद में नौ रन बनाए और टेस्ट मैचों में दसवीं बार आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का शिकार हुए। वहीं कोहली (पांच रन) एक बार फिर कवर ड्राइव खेलने की ललक पर काबू नहीं रख सके और मिचेल स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। केएल राहुल को खाता भी नहीं खोल पाए।

### दर्शक संख्या का 87 साल पुराना टेस्ट रिकॉर्ड ध्वस्त

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूट गया जब भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में कुल दर्शक संख्या 3 लाख 50 हजार 700 पहुंच गई। चौथे टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन मैदान पर 51371 दर्शक जमा थे जिससे 1937 एशेज श्रृंखला का 350534 दर्शकों का रिकॉर्ड टूट गया जब डॉन ब्रैडमेन अपने कॅरियर के चरम पर थे। लंच के बाद दर्शक संख्या 60000 के पार हो गई। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैदान में सबसे ज्यादा दर्शकों द्वारा देखा जाने वाला दूसरा टेस्ट है। इससे पहले 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच ईडन गार्डन टेस्ट देखने कुल 4 लाख 65 हजार दर्शक आए थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का कैरी बो कमिंस | 84 | 208 | 8 | 0 |
| रोहित शर्मा का मार्श बो कमिंस | 09 | 40 | 0 | 0 |
| राहुल का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 05 | 0 | 0 |
| कोहली का ख्वाजा बो स्टार्क | 05 | 29 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का मार्श बो हेड | 30 | 104 | 2 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का कैरी बो बोलैंड | 02 | 14 | 0 | 0 |
| रेड्डी का स्मिथ बो लियोन | 01 | 05 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 05 | 45 | 0 | 0 |
| आकाश दीप का हेड बो बोलैंड | 07 | 17 | 1 | 0 |
| बुमराह का स्मिथ बो बोलैंड | 00 | 08 | 0 | 0 |
| सिराज पगबाधा बो लियोन | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, योग : 79.1 ओवर में 155/10
गेंदबाजी : स्टार्क 16-8-25-1, कमिंस 18-5-28-3, बोलैंड 16-7-39-3, मार्श 3-2-2-0, लियोन 20.1-6-37-2, हेड 5-0-14-1, लाबुशेन 1-1-0-0.

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल**

## भारत की एक जीत और श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की हार से राह आसान




**एजेंसी ▶▶ मेलबर्न**

भारत ने यहां महत्वपूर्ण बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच भले ही 184 रन से गंवा दिया हो लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए भारत को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट हर हाल में जीतना होगा और फिर अगले साल शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की टीम जब श्रीलंका का दौरा करेगी तो वहां उसकी हार और श्रृंखला के 0-0 से ड्रॉ की उम्मीद करनी होगी।

मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारत के अंक तालिका में प्रतिशत अंक 55.89 से गिरकर 52.78 हो गए है जबकि ऑस्ट्रेलिया के नाम पर अब 61.46 प्रतिशत अंक हैं। रविवार को पहले टेस्ट में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका पहले ही डब्लूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारत अगर सिडनी में जीत दर्ज करता है तो उसके 55.26 प्रतिशत अंक हो जाएंगे और ऑस्ट्रेलिया के 54.26 प्रतिशत अंक रह जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया अगर श्रीलंका में एक भी टेस्ट जीत लेता है तो भारत को पछाड़कर डब्लूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका भिड़ने का हक पा लेगा।

### ऑस्ट्रेलिया फाइनल से एक जीत दूर

मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया की जीत ने उसकी डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों में इजाफा किया है और टीम अगले साल लाड्र्स में होने वाले फाइनल में जगह सुनिश्चित करने से सिर्फ एक जीत दूर है। ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के साथ फाइनल में जगह बनाने का प्रबल दावेदार लग रहा है लेकिन भारत की उम्मीदें भी खत्म नहीं हुई हैं। श्रीलंका भी अभी दौड़ में बना हुआ है लेकिन इसके लिए उसे कई अनुकूल नतीजों की उम्मीद करनी होगी।

**महिला फुटबॉल**

## भारत की दूसरी बड़ी जीत मालदीव को 14-0 से रौंदा



**एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु**

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लिंडा कोम सेर्टो ने अपने पदार्पण मुकाबले में चार गोल किए जबकि प्यारी शाशा ने महज आठ मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई जिससे भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव को 14-0 से हरा दिया।

इसके साथ ही भारत के स्वीडन के नवनियुक्त कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने अपने कार्यकाल की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शाशा ने मेजबान टीम के लिए सातवें, आठवें और 15वें मिनट में गोल दागे और इस बीच 12वें मिनट में लिंडा के गोल में मदद की। पूरी तरह से एकतरफा रहे मैच में लिंडा ने 12वें, 21वें, 29वें और 52वें मिनट में गोल किए। भारत मध्यांतर तक 8-0 से आगे था। भारत के लिए नेहा ने भी 16वें और 45वें मिनट में दो गोल करके अपने पदार्पण का जश्न मनाया जबकि काजोल डिसूजा ने भी 59वें और 66वें मिनट में दो गोल किए। अन्य गोल करने वाली खिलाड़ी संगीता बसफोर (51वें मिनट), सोरोखैबम रंजना चानू (54वें मिनट) और रिम्पा हलदर (62वें मिनट) रहीं।

**लिंडा कोम सेर्टो ने अपने पदार्पण मुकाबले में दागे चार गोल**

### आठ खिलाड़ियों ने किया डेब्यू



अलेक्जेंडरसन ने आठ खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया जिनमें से तीन ने आक्रमण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया करते हुए आठ गोल किए। यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में भारतीय महिला टीम की सबसे बड़ी जीत में से एक है। टीम ने 2010 में बांग्लादेश में सैफ चैंपियनशिप में भूटान को 18-0 से हराया था।

### विश्वनाथन आनंद फिडे में पद के लायक नहीं : कार्लसन

**न्यूयॉर्क।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सोमवार को ड्रेस कोड उल्लंघन के मुद्दे को गलत तरीके से संभालने के लिए उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद समेत विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के वरिष्ठ अधिकारियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'समय के साथ सामंजस्य नहीं बैठाया' और भारत का महान खिलाड़ी फिडे में अपनी इस भूमिका के लिए तैयार नहीं है। नॉर्वे के कार्लसन ने उन्हें अयोग्य घोषित करने के फैसले को 'दकियानुसी' बताते हुए अधिकारियों को 'रोबोट' करार दिया जो स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। कार्लसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि उनकी (फिडे) ओर से स्थिति को बुरी तरह से संभाला गया था। मैं यहां से निकलने वाला था और विमान का टिकट बुक करने जा रहा था तभी मेरे पिता ने कहा कि हमें फिडे अध्यक्ष से बात करने का निर्णय लेने के लिए शायद सुबह तक इंतजार करना चाहिए। अरकडी ड्वोरकोविच के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं।' कार्लसन ने कहा, 'हमने कल आनंद और अन्य लोगों के साथ लंबी बातचीत की थी लेकिन यह किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। हमें आम तौर पर वही जवाब मिले जैसे कि मध्यस्थ कोई 'रोबोट' हैं जो खुद से सोच नहीं सकता और नियमों को लेकर कोई बीच का रास्ता नहीं निकाल सकता।'



# न्यूजीलैंड ने बनाई 2-0 से बढ़त श्रीलंका को 45 रन से हराया

**एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई**

न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में सोमवार को यहां श्रीलंका को 45 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने टिम रोबिनसन (41), मार्क चैपमैन (42) और मिचेल हे (नाबाद 41) की उपयोगी पारियों से पांच विकेट पर 186 रन बनाने के बाद श्रीलंका को 19.1 ओवर में 141 रन पर आउट कर दिया। न्यूजीलैंड ने इससे पहले श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय को आठ रन से जीता था।

दो दिन पहले 21 रन देकर तीन विकेट लेने वाले जैकब डफी ने इस मैच में 15 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (37) और 16वें ओवर में कुशल परेरा (48) के अहम विकेट चटकाने के बाद तीन गेंद के अंदर वानिंदु हसरंगा (एक) और महीश तीक्षणा (शून्य) को भी पवेलियन की राह दिखाई। मैट हेनरी ने (दो विकेट) ने 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर विकेट लिए जबकि जैक फॉल्कस ने बिनुरा फर्नांडो (तीन) को आउट कर पांच गेंद शेष रहते श्रीलंका की पारी को खत्म कर दिया।



## रेपिड के बाद कोनेरू हंपी विश्व ब्लिट्ज खिताब की दावेदार

**एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क**

विश्व रेपिड शतरंज का खिताब दूसरी बार जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद भारत की दिग्गज खिलाड़ी कोनेरू हंपी मंगलवार से यहां शुरू हो रही फिडे विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप जीतकर दोहरी सफलता हासिल करने के इरादे से उतरेंगी। हंपी रविवार को इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर फिडे महिला विश्व रेपिड शतरंज चैंपियन बनीं थी। हंपी ने 2019 में जॉर्जिया में भी यह खिताब जीता था और रविवार को दूसरी बार यह खिताब जीतने वाली चीन की जू वेनजुन के बाद सिर्फ दूसरी खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट के दौरान खिताब के अलावा 60 हजार डॉलर (लगभग 50 लाख रुपए) की इनामी राशि भी दांव पर लगी होगी



क्योंकि ब्लिट्ज टूर्नामेंट की इनामी राशि भी रेपिड चैंपियनशिप के समान है। भारत का मजबूत दल चैंपियनशिप की चुनौती के लिए तैयार है। टूर्नामेंट के 'ओपन' वर्ग में 13 जबकि महिला वर्ग में 11 दौर होंगे।

ब्लिट्ज वर्ग में भारत की डी हरिका का दावा भी मजबूत है जबकि प्रशंसकों को आर वैशाली और दिव्या देशमुख से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वैशाली और दिव्या रेपिड चैंपियनशिप में प्रभावित करने में नाकाम रहे थे।



अरब प्रायद्वीप का नाम सुनकर आपके दिमाग में रेगिस्तान की तस्वीर बनती है। लंबे समय से यह अपने कठोर जलवायु के लिए जाना जाता है। लेकिन, यह एक दिन हरे-भरे मैदानों और बहती नदियों में बदल सकता है। जलवायु विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल्ला अल-मिसनद का ऐसा मानना है।

# जलवायु विशेषज्ञ का दावा, सऊदी अरब का रेगिस्तान बन सकता है हरा मैदान

**रियाद।** अल मिसनद ने कहा कि बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन न केवल वैज्ञानिक रूप से संभव है, बल्कि यह इस्लामी भविष्यवाणियों से जुड़ा हुआ है। हालांकि अल-मिसनद का परिदृश्य जलवायु विज्ञान पर आधारित हैं। लेकिन वह विश्वास जताते हैं कि असाधारण परिस्थितियों में अरब प्रायद्वीप अपनी पहले की उपजाऊ स्थिति में लौट सकता है। अब्दुल्ला अल-मिसनद कासिम यूनिवर्सिटी में पूर्व प्रोफेसर और सऊदी मौसम और जलवायु सोसायटी के उपाध्यक्ष रहे हैं। न्यू अरब की रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में उन्होंने इस नाटकीय परिवर्तन के चार संभावित परिदृश्यों का वर्णन किया।

### क्यों होगा बदलाव?

अल मिसनद के मुताबिक पहला परिदृश्य वैश्विक तापमान में वृद्धि और बदलते मौसम के पैटर्न से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि अरब प्रायद्वीप में वायुमंडलीय दबाव प्रणाली में बदलाव हो सकता है, जिससे अरब सागर और हिंद महासागर से नमी क्षेत्र में आ सकती है। यह नमी भारी वर्षा का कारण बन सकती है, जिससे क्षेत्र की जलवायु 7000 साल पहले जैसी हरी-भरी हो सकती है। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब में पिछले दो वर्षों में हुई भारी बारिश इस संभावित बदलाव का संकेत हो सकता है।





### ये भी हो सकते हैं बदलाव के कारण

दूसरे परिदृश्य के मुताबिक सऊदी अरब में एक विशाल ज्वालामुखी विस्फोट जलवायु को वर्षों तक के लिए बदल सकता है। अरब प्रायद्वीप के पश्चिमी क्षेत्र में अरब शील्ड के भीतर कई ज्वालामुखी हैं। उनका कहना है कि ज्वालामुखी की राख सूर्य की किरणें रोक सकती हैं, जिससे वैश्विक तापमान में गिरावट आएगी और क्षेत्र की जमीन में नमी आ सकती है। इससे रेगिस्तान उपजाऊ भूमि में बदल सकता है। तीसरा परिदृश्य सबसे भयानक और विनाशकारी है। इसके मुताबिक पृथ्वी से एक बड़ा उल्कापिंड टकराएगा, जिसका धूल और मलबा वायुमंडल में फैल जाएगा, जिससे महीनों या वर्षों तक सूर्य की किरणें पृथ्वी तक नहीं पहुंच पाएंगी। इससे अरब प्रायद्वीप में नॉर्वे और स्वीडन जैसी ठंड होगी। चौथा परिदृश्य खगोलीय परिवर्तन हो सकता है। यह पृथ्वी की धुरी के झुकाव में बदलाव से जुड़ा हो सकता है।

# आकाश में 10000 गुना ज्यादा चमकेगा मंगल ग्रह



**न्यूयॉर्क।** मंगल ग्रह 2025 की शुरुआत में रात के आसमान में अपनी अलग चमक बिखेरने के लिए तैयार है। इसका कारण एक अद्भुत खगोलीय घटना है, जो हर 26 महीनों में एक बार होती है। दरअसल, हर 26 महीने में मंगल ग्रह पृथ्वी के करीब आता है। इससे मंगल की चमक काफी तेज दिखाई देती है, जो आम दिनों में नहीं दिखता। ऐसे में पृथ्वी के करीब रहने के कारण मंगल ग्रह कई अन्य सितारों की तुलना में अधिक चमकीला होगा और अपनी खास लाल रंग की चमक को बिखेरेगा। अगर आपके पास अच्छी क्वालिटी की दूरबीन है तो आप मंगल की सतह की विशेषताओं को भी देख सकते हैं।

इस दौरान दूसरी खास घटना यह होगी कि पृथ्वी, मंगल और सूर्य के ठीक बीच में स्थित होगी। इस स्थिति में मंगल ग्रह तक सूर्य का पूरा प्रकाश नहीं पहुंचेगा। ऐसे में रात के आसमान में यह ग्रह स्पष्ट रूप से अधिक चमकीला और अधिक जीवंत दिखाई देगा। यह घटना मंगल को बहुत बड़ा और अधिक विस्तृत दिखाई देगा। इससे एक अभूतपूर्व दृश्य दिखेगा। इसके अलावा, मंगल ग्रह पूरी रात दिखाई देगा।

### कब दिखेगी यह अनोखी घटना

यह अनोखी घटना 2025 की पहली तिमाही में दिखाई देगा। मंगल ग्रह 12 जनवरी 2025 को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उस वक्त यह लाल ग्रह पृथ्वी से लगभग 59.7 मिलियन मील की दूरी पर होगा। इस दौरान मंगल बहुत चमकीला होगा। यह -1.4 के परिमाण को प्राप्त करेगा, जिससे यह आकाश में औसत तारे से 10,000 गुना अधिक चमकीला हो जाएगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह मिथुन राशि में आता है। इस प्रकार, यह रात के आकाश में बहुत अधिक दिखाई देगा। उस समय मंगल ग्रह के डिस्क आकार 14.6 आर्कसेकंड होगा। यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि दूरबीनों की सहायता के बिना लोग आकाश में मंगल को एक बड़ी वस्तु के रूप में देख पाएंगे। यह उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है जहां मंगल सभी को दिखाई देता है, चाहे वे दूरबीन से लैस हों या नहीं।

**एरिया-51**

# दुनिया की सबसे खुफिया जगह में एलियंस पर प्रयोग कर रहा अमेरिका

अमेरिका के वैज्ञानिक बंधक बनाकर रखे गए एलियंस पर प्रयोग कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

धरती पर कई रहस्यमयी जगहें हैं, जिनके बारे में बेहद कम लोग जानते हैं। इन जगहों पर सरकारें अलग-अलग कार्य करती हैं, तो कोई जगह एलियंस को लेकर चर्चा में रहती है। कई जगहों पर आम लोगों के जाने पर भी रोक है। ऐसी ही जगहों में अमेरिका में दक्षिणी नेवादा के बंजर रेगिस्तान में स्थित एरिया-51 भी शामिल है। यह स्थान अमेरिकी वायु सेना का एक केंद्र है, लेकिन इस जगह की चर्चा दूसरी दुनिया के प्राणियों (एलियन) और यूएफओ से जोड़कर होती रहती है। एरिया-51 एक बेहद खुफिया जगह है। कहा जाता है कि यहां पर अमेरिका सेना नए-नए प्रयोग करती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ यह भी दावा करते हैं कि यहां एलियंस हैं।

> **एरिया-51** की चर्चा दूसरी दुनिया के प्राणियों (एलियन) और यूएफओ से जोड़कर होती रहती है

एरिया-51 पर सुरक्षा कड़ी रहती है और किसी को आने की इजाजत नहीं है। कुछ कांस्पिरेसी थ्योरी में दावा किया जाता है कि अमेरिका ने एरिया-51 में एलियंस को कैद कर रखा है और उन पर प्रयोग करता है। इस जगह को गुप्त रखा गया था जिसकी वजह से अमेरिका के लोगों को भी इस जगह के बारे में पता नहीं था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने साल 2013 में पहली बार एरिया-51 के बारे में दुनिया को जानकारी दी।








### इसके ऊपर से विमानों को भी नहीं है आने-जाने की इजाजत

इसकी सीमा पर जगह-जगह चेतावनी दी गई है कि अंदर आने की कोशिश करना खतरनाक साबित हो सकता है। इसके साथ ही हर जगह हथियारों से लैस जवानों को तैनात किया गया है। यह जवान चौबीस घंटे इस क्षेत्र की रख वाली करते हैं। इतनी कड़ी सुरक्षा है कि इस क्षेत्र के ऊपर से विमानों को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है। यह क्षेत्र 3.7 किमी में फैला है। अब इस क्षेत्र को सैटेलाइट से देखा जा सकता है, लेकिन पहले ऐसा नहीं था।

### क्यों गुप्त रखी गई थी जगह

अमेरिका में साल 1950 से ही कहा जाता है कि एरिया-51 में एलियंस रहते हैं। सबसे बड़ी वजह यह है कि यहां पर कंटीली बाड़ों के बीच रातों को उड़ते विमानों की चमक दिखाई देती थी। जून 1959 में पहली बार मीडिया में खबर प्रकाशित हुई कि नेवादा के आसपास रहने वाले लोग हरी चमक के साथ रहस्यमयी चीजों को उड़ता देखा है। इसके बाद लगातार मीडिया में एलियंस से संबंधित खबरें आने लगीं और लोग मानने लगे कि यहां पर अमेरिका ने एलियंस को कैदकर रखा गया है। अमेरिका के वैज्ञानिक बंधक बनाकर रखे गए एलियंस पर प्रयोग कर रहे हैं। नेवादा के इस क्षेत्र में किसी के भी आने पर रोक है, इसलिए ऐसी बातें की जानें लगीं।

# नागालैंड में 99.8 फीसदी लोग हैं नॉन वेजिटेरियन

**नई दिल्ली।** भारत में शाकाहारी लोग दुनिया में सबसे ज्यादा हैं, लेकिन मांसाहार पसंद करने वाले भी कम नहीं हैं। भारत में मछली और मांस खाना पसंद करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है। हाल ही में हुए एक सर्वे से पता चला है कि भारत में 85 फीसदी से ज्यादा लोग मांसाहार पसंद करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, नागालैंड भारत में सबसे अधिक मांस की खपत वाला राज्य है। इस राज्य में 99.8 प्रतिशत लोग नॉनवेज खाना पसंद करते हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल इस सूची में दूसरे स्थान पर है। यहां 99.3 फीसदी लोग मांसाहारी खाना खाते हैं। इस सूची में केरल तीसरे स्थान पर है। केरल में 99.1 प्रतिशत लोग मांसाहारी भोजन करते हैं। उपभोक्ताओं की सूची में चौथे स्थान पर है। इस राज्य में 98.25 फीसदी लोग मांस खाते हैं। इस सूची में तमिलनाडु छठे स्थान पर है। यहां 97.65 फीसदी लोग नॉनवेज खाते हैं।

> ■ भारत में मछली और मांस खाना पसंद करने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है

कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट

30% Off on all Cosmetic Procedures
25 to 31st December
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com